
अभिनेता शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े मुंबई में फिल्म देवा के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए।

दैनिक | सीहोर जिले का प्रथम दैनिक | K K | RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-296 | सीहोर, शनिवार 18 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## अमित शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

### मध्यप्रदेश सरकार आपराधिक कानूनों के जल्द से जल्द शत-प्रतिशत क्रियान्वयन को सुनिश्चित करे



भोपाल(आरएनएस)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मध्यप्रदेश में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, BPR&D के महानिदेशक, NCRB के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों की आत्मा, किसी भी मामले में FIR से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक तीन साल में न्याय दिलाने के प्रावधान में है। नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर बल दिया। अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद और संगठित अपराध से जुड़ी धाराओं में केस दर्ज करने से पहले पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग होनी चाहिए कि कितने ZERO FIR नियमित FIR में बदले गए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि CCTNS के जरिए दो राज्यों के बीच FIR ट्रांसफर किया जा सके। उन्होंने हर जिले में एक से अधिक फोरेंसिक साइंस मोबाइल वैन की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। श्री शाह ने अस्पतालों और जेलों में पर्याप्त संख्या में क्यूबिकल बनाने पर भी जोर दिया ताकि वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के जरिए साक्ष्य दर्ज कराने में मदद मिल सके।

## सैफ का संदिग्ध हमलावर गिरफ्तार, जल्द ही होगा हमले का खुलासा



मुंबई,(ए)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध को पुलिस ने हिरासत में लिया है। घटना को लेकर पुलिस संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। गरिफ्तार किया गया शख्स वैसा ही दिख रहा है जैसा कि सैफ के घर में हमलावर सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा था। इस मामले में मुंबई डीसीपी ने जानकारी दी है कि संदिग्ध शख्स को हिरासत में लेकर पुलिस स्टेशन लाया गया है। पुलिस के अनुसार उक्त्त शख्स हाउस ब्रेकिंग का आरोपी रहा है, उस पर पहले भी हाउस ब्रेकिंग के मामले दर्ज किए गए हैं।

## मनु, गुकेश, हरमनप्रीत और प्रवीण खेल रत्न पुरस्कार मिला

### राष्ट्रपति भवन में विशेष रूप से आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित



नई दिल्ली,( निप्र)। विश्व शतरंज चैंपियन गुकेश डी और पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेता - मनु भाकर (निशानेबाजी), हरमनप्रीत सिंह (हॉकी) और प्रवीण कुमार (पैरा-एथलीट) को शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में विशेष रूप से आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हर साल खेलों में उत्कृष्टता को मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए दिए जाते हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार पिछले चार वर्षों की अवधि में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। सिंगापुर में खिताबी मुकाबले में चीन के डिंग लिरेन को पछाड़कर गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए। मनु 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दोहरे कांस्य पदक जीतकर पेरिस में आयोजित ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं। दूसरी ओर, हरमनप्रीत ने भारत को पुरुष हॉकी में लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाया, जबकि प्रवीण ने पैरालंपिक में ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाले बत्तीस एथलीटों में 17 पैरा-एथलीट शामिल हैं। सूची में ज्योति याराजी, अन्नू रानी, नीटू, स्वीटी, वंतिका अग्रवाल, सलीमा टेटे, अभिषेक, संजय, जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, राकेश कुमार, प्रीति पाल, जीवनजी दीप्ति, अजीत सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी, धरमबीर, प्रणव सूरमा, एच होकाटो सेमा, सिमरन, नवदीप, नितेश कुमार, थुलासिमथी मुरुगेसन, निथ्या सुमति सिवान, मनीषा रामदास, कपिल परमार, मोना अग्रवाल, रूबीना फ्रांसिस, स्वप्निल सुरेश कुसले, सरबजोत सिंह, अभय सिंह, साजन प्रकाश और अमन शामिल हैं। अर्जुन पुरस्कार पिछले चार वर्षों की अवधि में खेल और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और नेतृत्व, खेल कौशल और अनुशासन की भावना के गुण दिखाने के लिए दिया जाता है।पूर्व साइकिल चालक सुच्चा सिंह और पूर्व पैरा-तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) दिया गया। यह पुरस्कार उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने और प्रेरित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से खेलों में योगदान दिया है और सक्रिय खेल करियर से संन्यास लेने के बाद भी खेलों को बढ़ावा देने में योगदान देना जारी रखा है। मुरलीकांत राजाराम पेटकर ने 1972 में जर्मनी के हीडलबर्ग में पैरालंपिक खेलों में इतिहास रच दिया था, जब उन्होंने पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल 3 प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।

दिल्ली चुनाव

## भाजपा ने महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये, एलपीजी सिलेंडर पर 500 की सब्सिडी समेत किए कई बड़े वादे

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का पहला भाग जारी कर दिया है। संकल्प पत्र में भाजपा ने दिल्ली में



महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये, गरीब बहनों को सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी, होली-दीवाली पर एक-एक सिलेंडर फ्री और हर गर्भवती महिला को 21,000 रुपये देने का वादा किया है। इसके अलावा भी भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कई बड़े वादे किए हैं।भाजपा अध्यक्ष ने संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि मेनिफेस्टो पहले भी आते थे, लेकिन आप भी भूल जाते थे और राजनीतिक पार्टियां भी भूल जाती थी कि उन्होंने क्या कहा था। लेकिन ये राजनीतिक संस्कृति का परिवर्तन है कि आज मेनिफेस्टो संकल्प पत्र में परिवर्तित हो गया है। संकल्प से सिद्धि की ओर जाने का मंत्र भी हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया है।भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि जो कहा था, वो किया है और जो नहीं कहा था वो भी करके दिया है।

इसलिए एक वाक्य भारत और दिल्ली की जनता के मन में समा गया है कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की भी गारंटी है।दिल्ली में वर्तमान में चल रही सभी कल्याणकारी योजनाएं भाजपा की सरकार बनने के बाद भी लागू रहेंगी। इन योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाएगा तथा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए उन्हें और मजबूत बनाया जाएगा।

## पूर्व सीएम फारुक अब्दुल्ला के काफिले की कार दुर्घटनाग्रस्त, नीलगाय सामने आने से हादसा; वाहन क्षतिग्रस्त

दौसा(आरएनएस)। राजस्थान के दौसा में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के काफिले की कार शुक्रवार दोपहर 1-45 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, हादसे के समय एक नीलगाय अचानक काफिले की कार के सामने आ गई, जिसके कारण एस्कॉर्ट कर रही दिल्ली पुलिस की कार क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर की मार से कार के सामने दोनों एयरबैग खुल गए। फारूक अब्दुल्ला को किसी भी प्रकार की चोट नहीं आई है। वहीं, वे अजमेर दरगाह जियारत करने के लिए रवाना हुए थे।घटना के समय उपस्थित दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल पप्पूराम मीणा ने बताया, दौसा सदर थाना के भांडारेज इंचरचेंज के पास अचानक पेड़ों में से नीलगाय छलांग लगाकर निकल गई। हमारी कार में चार लोग सवार थे, और हम अजमेर की दिशा में अग्रसर थे। दुर्घटना के पश्चात कुछ समय तक फारूक अब्दुल्ला ने वहीं रुके और करीब 2 बजे अजमेर के लिए यात्रा जारी की।




# विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह नर्मदापुरम में होगा सम्पन्न

## विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह की बैठक सम्पन्न







भोपाल (संदीप पंडा)। आज दिनांक 17 जनवरी 2025 को 22 विचित्र विला प्रोफेसर कॉलोनी भोपाल में विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बैठक की शुरूआत स्वर्गीय विचित्र कुमार सिन्हा जी एवं स्वर्गीय श्रीमती शिवरानी देवी जी के फोटो पर माल्यार्पण करके एवं दीपप्रज्जवलन करके किया गया । बैठक में विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह समिति के सचिव श्री के.के.सक्सेना जी ने निरंतर 29 वर्षों से भोपाल में होने वाले समारोह का आयोजन नर्मदापुरम में किये जाने एवं नर्मदापुरम में उक्त समारोह की एक अलग से समिति बनाने का प्रस्ताव रखा। उक्त प्रस्ताव का समर्थन करते हुए विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समिति समारोह भोपाल के अध्यक्ष एडवोकेट श्री साजिद अली एवं समिति के अन्य सदस्यों ने समर्थन किया। साथ ही उक्त समारोह को 14 फरवरी 2025 को नर्मदापुरम में भव्यता के साथ कराने हेतु सहमति प्रकट की। उक्त बैठक में विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह के अध्यक्ष एडवोकेट श्री साजिद अली, सचिव श्री के.के. सक्सेना, श्री महेश सक्सेना, श्री ललित जैन, श्री जी.के. छिब्बर, श्री आई.बी.शास्त्री, श्वेता पंड्या, श्री राजकुमार वर्मा, श्री उमेश राव घोलप, श्री राकेश श्रीवास्तव, श्री अशोक कुमार सोनी, दैनिक क्षितिज किरण के निर्देशक श्री विलक्षण सक्सेना,श्री वात्सल्य जैन, श्री राजेश मोहनियां, श्री निर्भय मीणा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा की नीतियों से हर वर्ग त्रस्त : अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के सत्ता में रहते हुए लोकतंत्र को भारी नुकसान हुआ है। यह पार्टी समाज में नफरत और भेदभाव की राजनीति को बढ़ावा देती है। संविधान और लोकतंत्र विरोधी कार्यों के कारण भाजपा को सत्ता से हटाना जरूरी है।समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए नव्व यादव ने कार्यकर्ताओं को जनता के सुख-दु:ख में सहभागी बनने और उनकी समस्याओं के समाधान में मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपनी भाषा और व्यवहार में सावधानी रखनी चाहिए।श्री यादव ने भाजपा की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार किसानों, नौजवानों और व्यापारियों को निराश कर रही है। बड़े-बड़े इन्वेस्टर मीट के बावजूद कोई ठोस निवेश प्रदेश में नहीं आया है। पुराने कारखाने और व्यवसाय दूसरे राज्यों में स्थानांतरित हो रहे हैं, जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्य मंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में डीआरडीओ भवन में एक स्मरणोत्सव समारोह के दौरान।

## जल्लीकट्टू से 1 दिन में 7 की मौत

चेन्नई (ए)। तमिलनाडु के अलग-अलग जिलों में गुरुवार को पोंगल के मौके पर आयोजित जल्लीकट्टू त्योहार में 7 लोगों की मौत हुई। बैल को भीड़ के बीच छोड़कर दौड़ाने वाले इस खेल में एक ही दिन में करीब 400 से ज्यादा लोग घायल हुए। तमिलनाडु पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को कान्नुम पोंगल दिवस था। इस दिन जल्लीकट्टू सबसे ज्यादा खेला जाता है। 7 लोगों के अलावा पुडुक्कोट्टाई और शिवगंगा में 2 बैलों की भी मौत हुई है। जान गंवाने वाले ज्यादातर लोग खेल में भाग लेने वाली नहीं थे, बल्कि बैल के मालिक और दर्शक थे

## पार्वती नदी का 49 साल पुराना पुल धंसा

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल और राजगढ़ जिले की सीमा पर पार्वती नदी पर बना 49 साल पुराना पुल गुरुवार रात धंस गया। इसके बाद पुल पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अब भारी वाहन भोपाल होकर करीब 50 किलोमीटर का चक्कर लगाकर जा रहे हैं।पार्वती ब्रिज को देखने के लिए 15 इंजीनियरों की टीम ने जांच की। अब वैकल्पिक रास्ते की तलाश की जा रही है। फ़िलहाल, पार्वती ब्रिज पर रास्ता रोक दिया गया है।बता दें यह पुल बैरसिया-नरसिंहगढ़ रोड पर है और 1976 में बनाया गया था। पुल बंद होने से यातायात पर असर पड़ा है।पुल धंसने की जानकारी मिलने पर बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा गुरुवार रात 9 बजे मौके पर पहुंचे और जांच की। इस दौरान दोनों ओर से बेरिकेडिंग की गई।वाहनों को दूसरे रास्ते पर डायवर्ट किया गया है। नरसिंहगढ़ पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने भी पुल का जायजा लिया। पुल के दोनों ओर पुलिस तैनात है। एमपीआरडीसी के एक्सपर्ट शुक्रवार को जांच की।

## पुणे-नासिक हाईवे पर मिनी वैन खड़ी बस से टकराई, 9 लोगों की मौत

पुणे,(आरएनएस)। पुणे-नासिक हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार मिनी वैन सड़क के किनारे खड़ी एक बस से टकरा गई। इस हादसे में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 10 बजे पुणे-नासिक हाईवे पर नारायणगांव के पास हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिनी वैन नारायणगांव की तरफ जा रही थी, तभी पीछे से एक टेंपो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वैन का रास्ता बदल गया और वह बस से जा टकराई। इस हादसे में वैन में सवार नौ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में मिनी वैन में सवार सभी नौ यात्रियों की मौत हो गई है। हादसे की फिलहाल जांच की जा रही है। इस मामले में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है।बता दें कि बीते गुरुवार को मुंबई दहिसर टोल नाके पर एक कार डंपर से टकरा गई थी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं, एक यात्री को सुरक्षित बचाया गया था।

## आप के मेनिफेस्टो और गारंटी पर चुनाव लड़ना चाहती है भाजपा : अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली,(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संकल्प पत्र पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में आम आदमी पार्टी (आप) की तरह वादे और फ्री की रेवड़ियां देने की बात कही है। हमारा सबसे पहला प्रश्न यह है कि क्या इन रेवड़ियों को बांटने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री से अप्रूवल ले लिया है? क्या इस पर प्रधानमंत्री की सहमति है? क्योंकि, प्रधानमंत्री पूरे देश में घूम-घूमकर एक नहीं, दो नहीं, बल्कि कई सौ बार कह चुके हैं कि फ्री की रेवड़ी सही नहीं है। केजरीवाल जो फ्री की रेवड़ी बांटता है, यह देश के लिए सही नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ऐलान किया है कि हम भी केजरीवाल की तरह फ्री की रेवड़ी देंगे।

मैं उनसे कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री जी सामने आकर ऐलान करें कि उनकी इस पर सहमति है और वह कहें कि पहले जो वह कह रहे थे, वह गलत था। मोदी जी कहें कि मैंने गलत बोला था, केजरीवाल सही था। मोदी जी कहें कि फ्री रेवड़ी देश के लिए नुकसान नहीं है, बल्कि भगवान का प्रसाद है।

## राहुल गांधी के बयान देश के खिलाफ जंग का ऐलान : जयराम ठाकुर

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। जयराम ठाकुर ने राहुल गांधी के बयान को देश के खिलाफ जंग का ऐलान बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी नेता से इस तरह के बयान की उम्मीद नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते राहुल गांधी अब देश के खिलाफ बोलने लगे हैं, जो बेहद शर्मनाक है।दरअसल, कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि हम इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। उनके इसी बयान को लेकर जयराम ठाकुर ने सवाल उठाया कि क्या विपक्ष के नेता को इस प्रकार के बयानों की उम्मीद की जा सकती है, जो सीधे तौर पर भारत के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हो। उन्होंने कहा कि इंडियन स्टेट से लड़ाई की बातें हमेशा एंटी नेशनल एलिमेंट्स द्वारा की जाती रही हैं और अब वही बयान कांग्रेस के सर्वे-सर्वा राहुल गांधी द्वारा दिया जा रहा है।





# वन, वन्य-जीव संरक्षण और संवर्धन में अग्रणी है मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध मध्यप्रदेश के वन और वन्य-जीव हमारी पहचान हैं। शासन इनके संरक्षण और संवर्धन के लिये संकल्पित है। राज्य सरकार द्वारा वनों के संरक्षण और संवर्धन के लिये की गई ईमानदार एवं प्रभावी पहल का परिणाम है कि वन आवरण में स्थायित्व आने के साथ ही वन्य-प्राणियों के प्रबंधन की दिशा में अनेक नवाचार किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन विभाग ग्रामीण अंचलों में विकास गतिविधियों का संचालन करने वाला एक प्रमुख संगठन है। विगत दो दशकों में वन प्रबंधन में काफी बदलाव आये हैं। वन संसाधनों पर जैविक दबाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के साथ वनोपज की आवश्यकता और उपलब्धता में अंतर बढ़ा है। वन क्षेत्रों में अवैध कटाई को कड़ाई से रोका जा रहा है। वनोपज की माँग और आपूर्ति के अंतर को कम करने के लिये विभागीय रोपण के साथ निजी वनीकरण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन तथा वन्य-जीवों के प्रति जागरूकता लाने के लिये वन महोत्सव, अनुभूति, वन्य-प्राणी और संरक्षण सप्ताह जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोगों को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बफर-सफर योजना के तहत पर्यटकों के लिये अनेक नई गतिविधियाँ प्रारंभ की गयी हैं। प्रदेश के टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों में पर्यटक प्राकृतिक स्थलों, वन और वन्य-प्राणी दर्शन के साथ विभिन्न ईको-पर्यटन गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं। ईको-पर्यटन से पर्यटक प्रदेश की ओर आकर्षित होंगे। इससे कोर क्षेत्र पर पर्यटन का दबाव भी कम होगा। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 15 हजार से अधिक वन समितियाँ गठित की गई हैं। इन समितियों की कार्य-प्रणाली को और अधिक गतिशील बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन प्रबंधन में ग्रामीणों की सहभागिता को अधिक व्यावहारिक और पारदर्शी बनाने तथा संयुक्त वन प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिये इसे कानूनी आधार देने की व्यवस्था की गई है। मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य है, जिसमें वनोपज से प्राप्त होने वाली शुद्ध आय प्राथमिक वनोपज समितियों को हस्तांतरित करने की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से वनवासियों के हितों का संरक्षण हुआ है।

### विधायक हार्डिया बोले - बुलाओ जोनल अफसर को, जूते मारेंगे

भोपाल,(आरएनएस)। इंदौर में अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम से नाराज होकर इंदौर पाँच विधानसभा के विधायक महेंद्र हार्डिया का एसडीएम से कहासुनी का वीडियो सामने आया है। इसमें विधायक हार्डिया एसडीएम प्रदीप सोनी से कह रहे हैं कि उनसे कलेक्टर भी फोन पर बात कर लेते हैं लेकिन यह (एसडीएम) फोन पर बात तक करने को तैयार नहीं। निगम की टीम गत दिवस फुटपाथ पर हुए कब्जे को हटाने पहुंची थी। यहां रहवासियों ने पार्षद और एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाडिया को फोन लगाकर बुला लिया। कुछ ही देर में विधायक महेंद्र हार्डिया भी आ गए। इसके बाद उन्होंने एसडीएम सोनी को कॉल किया।

## बकाया बिजली बिल नहीं भरने पर दतिया के 23 उपभोक्ताओं पर हुई कार्रवाई

### शस्त्र लायसेंस किये गए निलंबित

भोपाल (ए.)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्य क्षेत्र में आने वाले 16 जिलों में बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट द्वारा शस्त्र लायसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। जिला मजिस्ट्रेट दतिया द्वारा शस्त्र लाइसेंस निलंबन का नोटिस देने के बाद भी बिजली का बकाया बिल जमा नहीं करने वाले 23 उपभोक्ताओं के शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिये हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने शस्त्र संबंधित थाने में जमा करने के आदेश दिए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट दतिया द्वारा जिन उपभोक्ताओं के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए गए हैं उनमें अखिलेश गुप्ता निवासी बरजोरपुरा जिला दतिया, कृष्ण वीर सिंह निवासी दिगुवां जिला दतिया, राम मिलन गुर्जर निवासी रमदवा जिला दतिया, दौलत सिंह प्रजापति निवासी कुंवरपुर जिला दतिया, लाखन सिंह रावत निवासी खिरका जिला दतिया, नरेंद्र जाट निवासी बराबुजुर्ग जिला दतिया, सुल्तान सिंह निवासी पचोखरा जिला दतिया, हरचरण कोरी निवासी तिगरा जिला दतिया, बलदेव सिंह निवासी भरौली जिला दतिया, जगदीश सिंह निवासी ईगुई जिला दतिया, आदि का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

## सेना की मैराथन रविवार को, परिवर्तित रहेंगे कई मार्ग

भोपाल,(आरएनएस)। रविवार को योद्धास्थल द्रोणांचल, एयरपोर्ट रोड मिलिट्री स्टेशन में आर्मी मैराथन-2023 का आयोजन प्रस्तावित है। इसके लिए मैराथन मार्ग के आसपास के कई मार्ग परिवर्तित रहेंगे। मैराथन में शामिल होने वाले धावकों के वाहनों के लिए पार्किंग का अलग-अलग स्थानों पर इंतजाम किया गया है। दौड़ सुबह छह बजे योद्धा स्थल से शुरु होगी। जो मेन गेट से सिंगार चोली, लालघाटी चौराहा, वीआईपी रोड, रेत घाट, पालिटेक्निक चौराहा, बाणगंगा चौराहा, रोशनपुरा चौराहा, अपेक्स बैं तिराहा, प्लेटिनम प्लाजा, अटल पथ से इसी मार्ग पर यू-टर्न होकर योद्धा स्थल पर समाप्त होगी।

## गृह निर्माण समितियों की निगरानी में कसावट

भोपाल (आरएनएस)। जिला प्रशासन द्वारा गृह निर्माण समितियों की अत्याधुनिक तरीके से निगरानी की जाएगी। इसके लिए एक सिस्टम तैयार किया जा रहा है, जिससे समितियों की कार्यप्रणाली में कसावट आएगी और प्रशासकों का काम अपडेट रहेगा। साथ ही हर निर्णय व स्थिति से उच्चाधिकारी अवगत रहेंगे। दरअसल, जिले की 500 गृह निर्माण समितियों में से प्रशासक नियुक्त हैं। य इन समितियों के कामकाज को संचालित करते हैं। इस प्रकार की नियुक्तियों का उद्देश्य समितियों के सदस्यों के अधिकारों और उनकी संपत्तियों की दखरेख सुनिश्चित करना है। बता दें कि जब भी किसी गृह निर्माण समिति में सदस्यों के बीच विवाद की स्थिति बनती है और चुनावों में देरी होती है तो सहकारिता विभाग यहां प्रशासक नियुक्त कर देता है।

## महिला सशक्तिकरण की प्रभावी पहल, परी बाजार : राज्यपाल श्री पटेल



भोपाल (ए.)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि परी बाजार, महिला सशक्तिकरण की सराहनीय पहल परी बाजार का आयोजन है। बाजार महिला कारीगरों को बढ़ावा देने का सार्थक प्रयास है। राज्यपाल श्री पटेल परी बाजार हेरिटेज फेस्टिवल के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गौहर महल परिसर में बेगम्स ऑफ भोपाल द्वारा गोण्डी चित्रकला की थीम पर आयोजित परी बाजार का फीता काटकर शुभारंभ किया। महिला शिल्पकारों की उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि भोपाल की सांस्कृतिक जड़ों ने सदियों से हमारी पुरातात्विक, ऐतिहासिक, धार्मिक, साहित्यिक और कलात्मक धरोहरों को मजबूती से संरक्षित रखा है। भोपाल शहर के कैनवास पर कला और साहित्य की गौरवशाली विरासत बहुरंगी चटकीली चमक की छटाएं सारी दुनिया को अपनी ओर खींचती है। उन्होंने हुनरमंद कारीगरों और उत्पादों के प्रोत्साहन प्रयासों के लिए आयोजकों की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय जीवन, कला और संस्कृति से समृद्ध होता है। गोण्डी पेंटिंग समृद्ध जनजातीय कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने परी बाजार हेरिटेज फेस्टिवल के 5वें संस्करण के लिए गोण्डी चित्रकला की थीम तैयार करने वाली पद्मश्री दुर्गाबाई का मंच से सम्मान किया।

# 18 जनवरी को 04 कुम्भ स्पेशल गाड़ियाँ पमरे से गुजरेंगी




भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 43 जोड़ी विशेष रेल गाड़ियों के संचालन से कुल मिलाकर 211 फेरों की सेवाएँ महाकुम्भ मेले के लिए दी जा रही हैं द्व इन ट्रेनों में से दिनांक 18 जनवरी को पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है :-

**1. वापी से गया कुम्भ स्पेशल ट्रेन** - गाड़ी संख्या 09017 वापी - गया कुम्भ स्पेशल ट्रेन दिनांक 18.01.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन वापी से सुबह 08.20 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशन होते हुए रात्रि 22.55 बजे इटारसी, अगले दिन 19 जनवरी को रात्रि 02.40 बजे जबलपुर, 03.50 बजे कटनी, 04.38 बजे मैहर, 06.20 बजे सतना, 08.40 बजे मानिकपुर, 10.25 बजे प्रयागराज छिवकी स्टेशन होते हुए गंतव्य स्टेशन गया को जायेगी।

**कुम्भ मेला प्रयागराज से वापसी की ट्रेनें**

**2. गया से वापी कुम्भ स्पेशल ट्रेन**- गाड़ी संख्या 09018 गया - वापी कुम्भ स्पेशल ट्रेन दिनांक 17.01.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन गया से रात्रि 22.00 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशन होते हुए अगले दिन 18 जनवरी को सुबह 05.50 बजे प्रयागराज छिवकी, 08.55 बजे मानिकपुर, 12.20 बजे सतना, 12.53 बजे मैहर, 13.40 बजे कटनी, 14.40 बजे जबलपुर एवं 20.50 बजे इटारसी स्टेशन होते हुए गंतव्य स्टेशन वापी को जायेगी।

**3. मऊ से पुणे कुम्भ स्पेशल ट्रेन**- गाड़ी संख्या 01456 मऊ जं. - पुणे कुम्भ स्पेशल ट्रेन दिनांक 17.01.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन मऊ जं. से रात्रि 23.50 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशन होते हुए अगले दिन 18 जनवरी को सुबह 09.10 बजे प्रयागराज छिवकी, 12.18 बजे मानिकपुर, 13.50 बजे सतना, 14.23 बजे मैहर, 15.00 बजे कटनी, 17.00 बजे जबलपुर, 18.18 बजे नरसिंहपुर, 19.23 बजे पिपरिया एवं 22.30 बजे इटारसी स्टेशन होते हुए गंतव्य स्टेशन पुणे को जायेगी।

**4. गोमती नगर से मद्रास कुम्भ स्पेशल ट्रेन** - गाड़ी संख्या 06002 गोमती नगर - मद्रास कुम्भ स्पेशल ट्रेन दिनांक 18.01.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन गोमती नगर से सुबह 03.45 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशन होते हुए समय 14.20 बजे प्रयागराज छिवकी, 17.00 बजे मानिकपुर, 18.05 बजे सतना, 18.38 बजे मैहर, 19.25 बजे कटनी, 21.00 बजे जबलपुर एवं अगले दिन 19. जनवरी को रात्रि 00.25 बजे नैनपुर जं. स्टेशन होते हुए गंतव्य स्टेशन मद्रास को जायेगी। महाकुम्भ के अवसर के दौरान पश्चिम मध्य रेल बेहतर यात्री सुविधाओं एवं सेवाओं के लिए सदैव तत्पर एवं कृतसंकल्पित है द्व स्पेशल ट्रेनों के ठहराव के विस्तृत समय-सारिणी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

### नकल रोकने आरजीपीवी अब एआइ के माध्यम से कराएगा आनलाइन परीक्षाएं

भोपाल,(आरएनएस)। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी) अपनी परीक्षाएं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के माध्यम से आनलाइन कराने की तैयारी कर रहा है। परीक्षाओं में नकल पर रोक लगाने यह कवायद की जा रही है। इसके लिए विवि एवं विशेष साफ्टवयर भी तैयार कर रहा है। इसमें निगरानी की ऐसी व्यवस्था है कि अगर कोई विद्यार्थी परीक्षा के दौरान असमान्य रूप से अधिक हिलता-डुलता भी है तो एआइ उसे कैप्चर कर लेगा।

## राष्ट्रीय खेल उत्तराखण्ड 2025 में मध्यप्रदेश की दमदार भागीदारी 335 खिलाड़ी 25 खेलों में पदक की उम्मीद

भोपाल (निप्र)। 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 2025 में मध्यप्रदेश अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार है। प्रदेश से 335 खिलाड़ी और करीब 100 सपोर्ट स्टाफ उत्तराखंड में आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित आयोजन में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय खेलों में कुल 35 खेल आयोजित किये जायेगें जिसमें से 26 खेलों में म.प्र ने योग्यता प्राप्त की है। योग्यता प्राप्त खेल और प्रदर्शन खेल (कलारीपयट्टु) में अपनी चुनौती पेश करेगी। इनमें एथलेटिक्स तीरंदाजी, साइक्लिंग, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, रोइंग, कयाकिंग, कैनोइंग, स्लालम, योगा, फेंसिंग, मल्लखंब, वेटलिफ्टिंग, बॉक्सिंग, कुश्ती, ताइक्कांडो, ट्रायथलॉन, वुशु, मॉडर्न पेंटाथलॉन, स्क्वैश, जिमनास्टिक्स, हॉकी (पुरुष एवं महिला), जूडो, शूटिंग और बैडमिंटन शामिल हैं। खिलाड़ियों की तैयारी और उम्मीद राष्ट्रीय खेलों के लिए प्रदेश के खिलाडियों ने व्यापक प्रशिक्षण शिविरों में हिस्सा ले रहे है। इन शिविरों में खेल विशेषज्ञ कोच और आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाया जा रहा है। खेल विभाग के माननीय मंत्री विश्वास सारंग के निर्देश पर खिलाड़ियों को सर्वोत्तम प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए हैं ताकि वे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। समस्त खेलो के प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हो चुके है।



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विभाग की प्रशिक्षण कार्यशालाओं को एक साथ वर्चुअली संबोधित किया।

## ओवरनाइट एक्सप्रेस से महिला का लाखों के सामान से भरा बैग चोरी

भोपाल(ए)। ओवर नाईट एक्सप्रेस में पति के साथ जबलपुर से इंदौर का सफर कर रही पत्नी का कीमती पर्स अज्ञात चोरो ने उड़ा दिया। इसीके साथ ही चोरो ने अलग-अलग ट्रैनो में भी कई लोगो का अपना शिकार बनाया है। मिली जानकारी के मुताबिक जलगांव महाराष्ट्र में रहने वाले दर्शन डेमला ने अपनी शिकायत में बताया की वह अपनी पत्नी के साथ ओवर नाईट एक्सप्रेस के एसी कोच में जबलपुर से इंदौर जा रहे थे। सफर के दौरान उनकी पत्नी ने अपना पर्स सिरहाने रख लिया, बाद में उनकी नींद लग गई। संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन निकलने के थोड़ी देर बाद उनकी पत्नी की नींद खुली तो देखा की पर्स गायब हो चुका है। पत्नि से पर्स गायब होने की जानकारी मिलने पर दर्शन ने कोच में पर्स का काफी तलाशा लेकिन पर्स नहीं मिला। बाद में उन्होनें जीआरपी में शिकायत की। चोरी गए पर्स में 95 हजार की नगदी, 1 लाख कीमत का आईफोन और एयरबड्स, वाहनो के कागजात, आधार कार्ड, चार्जर समेत करीब 2 लाख से अधिक का माल रखा हुआ था।

# महाकुम्भ मेला के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल चला रहा 08 जोड़ी स्पेशल ट्रेन

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से ओरिजिनेट होने वाली कुल 08 जोड़ी विशेष रेल गाड़ियों का संचालन से कुल मिलाकर 334 फेरों की सेवाएँ महाकुम्भ मेले के लिए दी जा रही हैं द्व पश्चिम मध्य रेल से संचालित होने वाली कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है :-

**इन रेल गाड़ियों से यात्रियों को कुल मिलकर 334 फेरों की सेवाएँ प्राप्त होंगी**

1. रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन (12 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01661 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 16.01.2025 से 20.02.2025 तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 11:10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन सुबह 10:15 बजे बनारस पहुँचेगी। (06 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01662 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 17.01.2025 से 21.02.2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दोपहर 14:45 बजे बनारस से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11:30 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। (06 सेवाएं) ठहराव:- मण्डीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदनमहल, जबलपुर जंक्शन, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जंक्शन, झुकेही, मैहर, सतना जंक्शन, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं चुनार।

2. सोगरिया-बनारस-सोगरिया स्पेशल ट्रेन (14 सेवाएँ) गाड़ी संख्या 09801 / 09802 सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य 07-07 ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी से सोगरिया से 17 जनवरी से 21 फरवरी के दरम्यान सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार सोगरिया स्टेशन से तथा 18 जनवरी से 22 फरवरी के दरम्यान सप्ताह में दो दिन बुधवार एवं शनिवार को बनारस स्टेशन से चलेगी। इस स्पेशल गाड़ी में 5 स्लीपर, 4 थर्ड एसी, 7 थर्ड एसी इकोनामी, 2 सेकेंड एसी, 2 सामान्य श्रेणी कोच, 1 एसएलआर एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच है। ठहराव:- अन्ता, बारां, अटरू, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोक नगर, मूंगावली, मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार ।

3. रीवा-मानिकपुर के मध्य मेला स्पेशल ट्रेन (32 सेवाएँ) गाड़ी संख्या 08248 रीवा-मानिकपुर अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक (04 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 02 फरवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) रीवा स्टेशन से सुबह 06:45 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 10:15 बजे मानिकपुर स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 16 ट्रिप) इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08247 मानिकपुर-रीवा अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक (04 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 02 फरवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक (03 ट्रिप) मानिकपुर स्टेशन से सुबह 11:15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन दोपहर 14:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। (कुल 16 ट्रिप) ठहराव:- तुर्की रोड, बगहाई रोड, हिनौउता रामबन, कैमा, जैतवार एवं मझगवां

4. बाँदा-कटनी के मध्य अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन (44 सेवाएँ) गाड़ी संख्या 01813 बाँदा-कटनी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 तक (05 ट्रिप), 28 जनवरी 2025 से 05 फरवरी 2025 तक (09 ट्रिप), 11 फरवरी 2025 से 14 फरवरी 2025 तक (04 ट्रिप) एवं 25 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक (04 ट्रिप) बाँदा स्टेशन से रात्रि 19:10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन प्रातः 05:15 बजे कटनी स्टेशन पहुंचेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पीडब्ल्यूडी की सड़के खोदी गई तो ठेकेदार पर होगी कानूनी कार्रवाई

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश में 81 हजार किलोमीटर सडकों का नेटवर्क है। इसमें नौ हजार 315 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग 12 हजार 568 किलोमीटर स्टेट हाईवे, 25 हजार 420 किलोमीटर मुख्य जिला मार्ग और 33 हजार 697 किलोमीटर ग्रामीण सडकें शामिल हैं। उक्त सडकों से अब कोई छेडखानी नहीं कर पाएगा। इसमें अब कोई नगर निगम, नगर पंचायत या अन्य कोर्ठ एजेंसी सडकों पर खुदाई करता है, तो उन्हें सडक की मरम्मत कर उसे पूर्व की तरह तैयार करके देना होगा। जरूरत पडने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई तक की जाएगी। लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने आदेश जारी कर पीडब्ल्यूडी की सडकें सुरखित कर दिया है। प्रदेश में पीडल्ब्यूडी की निर्मित सउकों की शासकीय विभाग, निजी संस्थानों पर सडकों पर केबल (दूरसंचार लाइन), पाइपलाइन, सीवर लाइन एवं टेलीफोन लाइन डालने खुदाई की अनुमति लेना होगी। उन्हें संबंधित मण्डल के अधीक्षण यंत्री की डिटेल ड्राइंग एवं साइट प्लान के साथ संबंधित कार्यपालन यंत्री के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

### घाटी से आ रही बर्फीली हवाओं ने कंपकंपाया, बारिश की संभावना

भोपाल(आरएनएस)। घाटी से आ रही बर्फीली हवाओं ने गत दिवस राजधीन को कंपकंपा दिया। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। मौसम वैज्ञानिक एके शुक्ला ने बताया कि जम्मू कश्मीर में समुद्र तल से 5.1 किलोमीटर ऊपर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं। पंजाब ओर पाकिस्तान के ऊपर चक्रवतीय घेरा भी बना हुआ है। इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर पर चक्रवातीय घेरा विकसित हे। इन चक्रवातीय घेरों की वजह से अरब सागर समूह में नमी आ रही है। इससे राजधानी मे कोहरा छा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है। इससे ठंड और बढ़ेगी।

### सेंट्रल संस्कृत विवि : 15 पीजी कोर्सेस में सीयूईटी के माध्यम से होंगे प्रवेश

भोपाल (आरएनएस)। सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में 15 पीजी कोर्सेस में कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) से एडमिशन दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। स्टूडेंट्स एक फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन में संशोधन तीन से पांच फरवरी तक हो सकेंगे। विवि क अनुसार, शिक्षा शास्त्री (बीएड), एमएड, साहित्य में आचार्य, संस्कृत नाट्य शास्त्र और भारतीय रंगमंच, धर्मशास्त्र, प्राकृत, पाली, व्याकरण आदि कोर्सेस में एडमिशन दिए जाएंगे। इसके लिए परीक्षा 13 से 31 मार्च तक आयोजित होगी।

### जूडा ने डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपा, विभिन्न समस्याएं बताई

भोपाल,(आरएनएस)। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले बॉन्डेड चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि हा सकती है। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संकेत दिए हैं। गत दिवस गांधी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे चिकित्सकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जूडा अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सार्थक चर्चा हुई।

### महापौर ने काम में लापरवाही पर वार्ड दरोगा, वार्ड प्रभारी को हटाया

भोपाल(आरएनएस)। महापौर मालती राय ने गत दिवस वार्ड 35 में बजबजाती नालियां और सडकों पर कचरा देख नाराजगी जताई। उन्होंने वार्ड दरोगा मनोज करोसिया को हटाने के निर्देश दिए। इसी तरह कार्य में लापरवाही बरतने वाली वार्ड-35 की वार्ड प्रभारी को भी हटाने के निर्देश उन्होंने दिए। इधर, निगम अमले ने रीना फास्ट फूड के अतिक्रमण को हटाया और नाले की सफाई की। पाँच हजार रुपए का स्पॉट फाइन भी वसूल किया गया।

### हमीदिया में 400 कर्मियों की छंटनी शुरु, इस हफ्ते 50 हटेंगे

भोपाल(आरएनएस)। गांधी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने हमीदिया अस्पताल से 400 आउटसोर्स कर्मचारियों की चरणबद्ध छंटनी शुरु कर दी है। इन कर्मचारियों से सेवा समाप्ति का नोटिस भी जारी कर दिया गया है। इनमें से 50 कर्मचारी 20 जनवरी को हटा दिए जाएंगे। इसी के विरोध में इन 50 कर्मचारियों ने गत दिवस काम बंद हड़ताल कर दी। यह कर्मचारी सुबह आठ बजे ब्लॉक वन के बाहर जमा होकर नारे लगाने लगे। इन कर्मचारियों में इनें वार्ड बॉय, लैब टेक्नीशियन और कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। इन कर्मचारियों के न होने से अस्पताल में काम प्रभावित हुआ। कर्मचारियों में पड़ी फूट : हमीदिया से हटाए जा रहे 400 कर्मचारियों में आंदोलन को लेकर आपस में मतभेद हो गए हैं।

### राजधानी में प्रतिबंध के बाद भी पॉलीथिन में सामान

भोपाल,(आरएनएस)। राजधानी में पालीथिन के उपयोग पर लगा प्रतिबंध बेअसर साबित हो रहा है। बाजारों दुकानों में खुलेआम पालीथिन का उपयोग किया जा रहा है। फल, सब्जी सहित अन्य सामान पालीथिन में भरकर बेचा जा रहा है। यदि कारोबारी पालीथिन देने से मना कर देते हैं तो ग्राहक भी खाली हाथ लौट जाते हैं। ऐसे में नगर निगम की कार्रवाई के उपयोग को रोक तक नगर निगम का अमला सिर्फ छोटे कारोबारियों पर ही पालीथिन के उपयोग के संबंध में कार्रवाई करता आया है। इसके निर्माण कर्ता ओर बाजारों में उपलब्ध करने वाले उत्पादकों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। यही वजह है कि बाजारों में प्रतिबंध के बाद भी पालीथिन आसानी से उपलब्ध हो रही है। बता दें कि वर्ष 2022 से 120 माइक्रान की पालीथिन सहित सिंगल यूज प्लास्टिक के 19 सामानों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## विविध-समाचार

### भाजपा पार्षद पर जानलेवा हमला

**– रास्ता रोककर तीन लोगों ने लोहे की रॉड मारी, अस्पताल में भर्ती**

उज्जैन (आरएनएस)। महिदपुर सिटी के वार्ड–13 के भाजपा पार्षद जगदीश राठौर पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने तलवार और लोहे की रॉड से पार्षद पर हमला किया, जिससे उनके दोनों पैरों में लोहे की रॉड डालनी पड़ी और दोनों हाथों पर प्लास्टर चढ़ाया गया। सिर पर भी गंभीर चोटें आई हैं। पहले उन्हें महिदपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन हालत बिगड़ने पर निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

सोमवार को अयोध्या बस्ती के भाजपा पार्षद जगदीश राठौर ग्राम बनबना से एक कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से महिदपुर सिटी लौट रहे थे। दोपहर करीब 2:15 बजे मोहना रानीपिपल्या फंटा के पास श्मशान घाट के पास ईश्वर पिता रतनलाल, शुभम पिता दशरथ, और संदीप पिता दशरथ हथियार लेकर खड़े थे। इन आरोपियों ने भाजपा पार्षद जगदीश को रोका और उन पर हमला कर दिया। ईश्वर ने तलवार से वार किया, जबकि शुभम और संदीप ने लोहे की रॉड से मारपीट की। इस दौरान चार अन्य आरोपी भी शामिल थे।

**–हमले की वजह और शिकायत**

भाजपा पार्षद जगदीश राठौर के अनुसार दशरथ और उसके बेटे कई दिनों से उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे थे। सोशल मीडिया पर भी धमकियां दी गई थीं। इस बारे में उन्होंने मुख्यमंत्री और उज्जैन एसपी को भी शिकायत की थी। जगदीश ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके वार्ड में एक हाथी की समाधि तोड़ी गई थी, जिसका उन्होंने विरोध किया था। आरोपियों ने तभी से उन्हें निशाना बनाने की योजना बनाई।

### ट्रेन ने बजाया हॉर्न, गफलत में चली गई जान

उज्जैन, (आरएनएस)। ट्रेन के सामने आने, टकराने और उसकी चपेट में आने के कई हादसों आपने देखे और पढ़े होंगे, लेकिन गुरुवार को हॉर्न की गफ्लत में ट्रैकमैन को अपनी जान गंवानी पड़ी। हॉर्न बजने के बाद जिस ट्रैक पर वह ट्रेन के गुजरने का इंतजार कर रहा था उसी पर ट्रेन आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। शाम को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जीआरपी के मुताबिक 42 वर्षीय मृतक का नाम सलीम पिता सरदार पटेल निवासी ग्राम गावड़ी है। वह ट्रैकमैन के पद पर पदस्थ था। गुरुवार सुबह 12.15 बजे वह कड़छा स्टेशन पर काम कर रहा था। इसी दौरान नर्मदा एक्सप्रेस ने वहां से गुजरने के लिए हॉर्न बजाया, सलीम अपने ट्रैक से हटकर दूसरे ट्रैक पर चला गया और उसी ट्रैक पर ट्रेन आ गई जिसकी चपेट में आने से सलीम पटेल की मौत हो गई। इसके बाद जीआरपी ने शव को जिला अस्पताल भिजवाया जहां शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पीएम रूम के बाहर मौजूद परिचतों ने बताया कि मृतक के घर में उनकी पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा है।

**तो बच सकती थी जान**

काम करते वक्त सलीम पटेल को ट्रेन के आने का हॉर्न सुनाई दिया। उसे लगा जिस ट्रैक पर वह काम कर रहा है उसी पर ट्रेन आ रही है, इसके चलते वह दूसरे ट्रैक पर चला गया तभी उसी ट्रैक पर ट्रेन आ गई जिस पर वह खड़ा था। यदि वह समय रहते चैक कर लेता तो उसकी जान बच सकती थी।

# भाजपा नेत्री के साथ दुष्कर्म, सरपंच पति का आया नाम

इंदौर (आरएनएस)। इंदौर के सिमरोल थाना क्षेत्र में भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आने और पीड़िता द्वारा पुलिस में शिकायत और वीडियो सौंपने के बाद आरोपी सरपंच पति द्वारा पीड़िता व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस आरोपी सरपंच पति की तलाश में जुट गई है।

दरअसल पूरी घटना इन्दौर के सिमरोल थाना क्षेत्र की है। सूत्रों के अनुसार आरोपी सरपंच पति लेखराज तीन महीने पहले पीड़िता के संपर्क आया था। पीड़िता जिला भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष के पद पर पदस्थ है। पीड़िता तलाकशुदा महिला है, जिसे सरपंच पति लेखराज ने सहानुभूति जताते हुए अपने साथ हरिद्वार ले गया था और महिला से शादी करने का झांसा दिया। आरोपी लेखराज ने पीड़िता से कहा था कि इंदौर सहित आसपास के इलाके में हमारी प्रतिष्ठा है इसलिए हरिद्वार चलकर शादी करेंगे। जिसके बाद पीड़िता आरोपी के साथ हरिद्वार जाने के लिए तैयार हो गई।

**–सरपंच पति के पास दोनों के अश्लील फोटो–वीडियो**

पीड़िता के अनुसार सरपंच पति लेखराज अपने साथियों सहित महिला नेत्री को कार से हरिद्वार ले गया। राजस्थान के रास्ते पहले पठानकोट, पंजाब फिर वैष्णोदेवी दर्शन के बाद हरिद्वार पहुंचे। वहां मंदिर में शादी करने के बाद आरोपी ने वहीं एक होटल में रूम बुक किया और



पीड़िता की अस्मत लूटता रहा और फिर पीड़िता को धमकी दे डाली कि अगर एफआईआर दर्ज कराई, तो जान से मार देगा। आरोपी सरपंच पति के पास दोनों के अश्लील फोटो–वीडियो है जिसे वह सिमरोल में वायरल करने की धमकी भी देता रहा।

**–धारा 376 का मामला दर्ज**

घटना से पीड़ित महिला नेत्री ने सिमरोल थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज करवाई है। बहरहाल पुलिस ने आरोपी सरपंच पति के खिलाफ धारा 376 का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। इधर बताया जा रहा है कि महिला नेत्री और सरपंच पति के बीच एक एग्रीमेंट हुआ था वह भी पुलिस तक पहुंचा है। इधर ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने कहां कि महिला ने अपने साथ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करवाई है, जिसमें प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। मामले की जांच के बाद ही आगे कुछ कहां जा सकता है।

### कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं को किया साइकिल वितरण

झाबुआ (आरएनएस)। कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शा. हायर सेकेंडरी स्कूल रोटला में 150, शा. हायर सेकेंडरी स्कूल खरडू बड़ी में 112, शा. बालक हायर सेकेंडरी स्कूल पारा में 140, शा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल पारा में 99, शा. हायर सेकेंडरी स्कूल कलमोड़ा में 69 साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं को किया साइकिल वितरण

कैबिनेट मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि म.प्र. शासन की ओर से आपको साइकिल दी जा रही है, आपके भविष्य के लिए सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु म.प्र. सरकार तत्पर है।

### मध्य भारत के नौनिहालों का जकड़ रहा ब्लड कैंसर, कुछ हाई रिस्क में

जबलपुर, (आरएनएस)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (एससीआइ) में पिछले एक साल के दौरान 180 कैंसर पीड़ित बच्चे भर्ती हुए। इनमें सर्वाधिक ब्लड कैंसर पीड़ित रहे। करीब 51 प्रतिशत यानी 92 बच्चों में ब्लड कैंसर पाया गया। इनमें कुछ तो हाईरिस्क में आए, लेकिन बेहतर उपचार के चलते गंभीर खतरे से बचाव संभव हो पाया। साथ ही शेष बच्चों में अन्य तरह के कैंसर की पहचान हुई। कुछ बच्चों में एडवांस डिसीज के केस देखने को मिले, जिसमें न्यूरीब्लास्टोमा ट्यूमर प्रमुख है। स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में न सिर्फ महाकौशल बल्कि मध्य भारत के तमाम जिलों से कैंसर के मरीज उपचार कराने पहुंचे हैं जहां नि:शुल्क उपचार मिल रहा है। गंभीर स्थिति में पहुंच रहे एसीआइ के पास आने वलो ज्यादातर कैंसर पीड़ित बच्चे उन परिस्थितियों में पहुंचे हैं, जब वे गंभीर हालत से गुजर रहे हैं। उससे पहले इन कैंसर पीड़ित बच्चों को लेकर उनके स्वजन अपने शहर के स्थानीय निजी अस्पतालों में उपचार करने पहुंचते हैं। केस बिगड़ने पर एससीआइ तक पहुंच पाते हैं।

### बाघ के हमले में बुजुर्ग की हुई मौत ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को पीटा

सिवनी, (आरएनएस)। दक्षिण सामान्य वनमंडल के खवासा वन परिक्षेत्र के पिंडरई बीट के बावली टोला गांव के खेत में बुजुर्ग तुसलीराम ीलावी पर गत शाम लगभग पांच बजे बाघ ने हमला कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे खवासा रेंजर घनश्याम चतुर्वेदी, डिप्टी रेंजर संजय खूंटपल्ले सहित वन अमले पर आक्रोशित ग्रामीणों ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया। वन अधिकारियों को दौड़ा–दौड़ाकर पीटा। वन अमले ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। हमले मं घायल अधिकारियों का कुरई अस्पताल में भर्ती कराया गया हे। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे कुरई थाने के डायल–100, खवासा रेंजर ओर कुरई तहसीलदार के वाहनों में तोडफ़ोड़ करते आक्रोशित ग्रामीणां की भीड़ ने कांच तोड़ दिए। इस मामले में कुरई थाना पुलिस द्वारा घायल अधिकारी कर्मचारियों को स्वास्थ्य परीक्षण कराकर अज्ञता हमलावर भीड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। सिवनी उपवनमंडल अधिकारी गुनेश पटेल ने बताया कि बावली टोला गांव से लगे पिंडरई बीट में तुलसीराम भलावी का शव मिला था। भीड़ ने आक्रोषित होकर हमलावर होने से घटनास्थल में भगदड़ मच गई।

### 35 से ज्यादा अवैध गैरेजों पर चली जेसीबी, होर्डिंग्स भी हटाए गए

इंदौर (आरएनएस)। नगर निगम की टीम ने गत दिवस सरकारी जमीन से अवध निर्माण के साथ ही एयरपोर्ट रोड पर एक अवैध होर्डिंग्स भी हटाया। निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ रिमूवल कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस टीम जोन क्रमांक 15 के एमआजी लाइन स्थित स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को आवंटित सरकारी जमीन पर पहुंची। यहां 35 से अधिक कच्चे–पक्के गैरेज मालिकों ने अतिक्रमण कर रखा था। इन सभी को जेसीबी की मदद से हटाया गया।

## पार्षद कालरा के घर हमला करने वाले पाँच आर पकड़ाए

इंदौर,17 जनवरी (आरएनएस)। शहर के पार्षद कमलेश कालरा के घर पर हमला करने वाले पाँच और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसआईटी अधिकारियों के अनुसार, इन आरोपियों को सीहोर के पास पकड़ा गया। हालांकि, जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने थाने में आकर सरेंडर किया था। इससे पहले भी पहले भी पुलिस ने उन्हें कोर्ट में सरेंडर करने की प्रक्रिया में पहुंचने की कोशिश की थी। जूनी इंदोर पुलिस ने शैलेन्द्र उर्फ पिंटू (36), विशाल (35), गोलू उर्फ अभिजीत (30), धीरज (35) और संतोष सीहोर के पास एक ढाबे से पकडने् का दावा किया। जानकारी के अनुसार, इन आरोपियों ने थाने में आकर सरेंडर किया। एक दिन पहले, बंटी नामक आरोपी भी तुकोगंज थाने में सरेंडर कर चुका था, जिसे एसआईटी टीम ने पकड़ा था। पुलिस ने पार्षद कालरा के घर हुए हमले की वीडियो रिकार्डिंग के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त की थी। अब तक मामले में कुल 15 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस की कार्रवाई जारी है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## व्यापार समाचार

### कूरियर कंपनी ने कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के टिकट की कर दी गलत डिलीवरी, अब गोवा में केस दर्ज

नई दिल्ली (ए.)। गोवा पुलिस ने 3.86 लाख रुपये मूल्य के कोल्डप्ले कॉन्सर्ट टिकटों की गलत डिलीवरी के ममाले में कथित धोखाधड़ी के लिए एक प्रसिद्ध कूरियर कंपनी और एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

डॉ. एश्ले फर्नांडिस की ओर से गुरुवार को दक्षिण गोवा में कोल्वा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कूरियर कंपनी के कर्मचारियों ने ब्रिटिश रॉक बैंड के मुंबई संगीत कार्यक्रम के लिए उनकी ओर से खरीदे गए चार टिकट किसी और व्यक्ति को दे दिए।

शिकायतकर्ता ने बताया कि तुषार बंसल नामक व्यक्ति ने बिना किसी सत्यापन के 3,86,217 रुपये के टिकट स्वीकार कर लिए। कूरियर फर्म ने उन्हें ये टिकट डिलीवर किए। फर्नांडिस ने पुलिस को बताया कि उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल के जरिए टिकट बुक किए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कूरियर कंपनी और बंसल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया।

'म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर' के हिस्से के रूप में, कोल्डप्ले के शो का आयोजन 18, 19 और 21 जनवरी को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम में होना है।

सेबी ने कथित वित्तीय कदाचार के लिए पचेली इंडस्ट्रियल फाइनेंस और 6 अन्य पर प्रतिबंध लगाया

बाजार नियामक सेबी ने कथित वित्तीय अनियमितताओं और शेयर हेरफेर के लिए गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी पचेली इंडस्ट्रियल फाइनेंस और छह अन्य इकाइयों को अगले आदेश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है।

पचेली इंडस्ट्रियल फाइनेंस लिमिटेड (पीआईएफएल) के अलावा, अभिजीत ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड, कैलिक्स सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, हिबिस्कस होल्डिंग्स, एवेल फाइनेंशियल सर्विसेज, एडॉप्टिका रिटेल इंडिया और सल्फर सिक्योरिटीज, वे छह संस्थाएं हैं जिन्हें बाजार से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

गुरुवार को पारित अंतरिम आदेश में सेबी ने खुलासा किया कि पीआईएफएल ने गैर–प्रवर्तक के रूप में वर्गीकृत छह संस्थाओं से 1,000 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त किया। इन ऋणों को तरजीही आवंटन के माध्यम से इक्विटी में परिवर्तित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप ऋणदाताओं को 51 करोड़ से अधिक शेयर जारी किये गए।

### ट्रंप ने चीन में बनी चीजों पर टैरिफ बढ़ाया तो भारत पर क्या असर पड़ेगा? क्रिसिल ने रिपोर्ट में बताया

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से व्यापार प्रतिबंधों के कारण भारत सहित अन्य एशियाई बाजारों में चीन अपने निर्यात को और आक्रामक कर सकता है। क्रिसिल ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। क्रिसिल के अनुसार, क्षेत्रीय और वैश्विक दोनों बाजारों में भारतीय निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा कड़ी हो सकती है। इससे भारत के निर्यात को बढ़ाने की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है।

अमेरिका और चीन के बीच तनाव के कारण भू–राजनीतिक जोखिम का खतरा

रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति की ओर से चीनी वस्तुओं पर प्रस्तावित भारी टैरिफ अमल में आने से चीन की अर्थव्यवस्था में मंदी आ सकती है। अगर ऐसा होता है तो इससे ड्रैगन भारत सहित अन्य एशियाई बाजारों में अपने निर्यात का रुख आक्रामक करेगा।" अमेरिका और चीन के बीच का व्यापारिक तनाव वैश्विक व्यापार के लिए भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं का जोखिम पैदा करती रहती हैं। इस बीच, चालू वित्तीय वर्ष में भारत का व्यापार घाटा बढ़ गया है क्योंकि आयात लगातार निर्यात से आगे निकल रहा है।

**चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत का निर्यात प्रदर्शन अस्थिर**

रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत का निर्यात प्रदर्शन अस्थिर रहा है। पहली तिमाही में जहां व्यापारिक निर्यात में स्थिर वृद्धि देखी गई, वहीं दूसरी तिमाही में इसमें गिरावट आई।

### फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में भारत की आर्थिक बढ़ोत्तरी 6.7 फीसदी रहने का अनुमान

नई दिल्ली, (आरएनएस)। अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले अगले दो वित्त वर्षों के लिए भारत की आर्थिक बढ़ोतरी 6.7 फीसदी प्रति वर्ष पर स्थिर रहने की संभावना जताई गई है. बता दें, दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के नवीनतम विकास अनुमानों यह संभावना व्यक्त की गई है.




विश्व बैंक ने कहा कि 2025–26 में दक्षिण एशिया में बढ़ोतरी बढ़कर 6.2 फीसदी होने की उम्मीद है, जबकि भारत में अनुमानित बढ़ोतरी मजबूत है. बैंक ने आगे कहा कि भारत में अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले दो वित्तीय वर्षों के लिए बढ़ोतरी 6.7 फीसदी प्रति वर्ष पर स्थिर रहने का अनुमान है.

विश्व बैंक ने अपनी प्रमुख वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में कहा कि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार होने की उम्मीद है, तथा विनिर्माण गतिविधि में मजबूती आने की उम्मीद है, जिसे लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को बढ़ाने तथा कर सुधारों के माध्यम से कारोबारी माहौल में सुधार लाने की सरकारी पहलों से समर्थन मिलेगा.

वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 और 2026 में 2.7 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है, जो 2024 के समान ही है, क्योंकि महंगाई और ब्याज दरें धीरे–धीरे कम हो रही हैं. विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में भी अगले दो वर्षों में लगभग 4 फीसदी की वृद्धि स्थिर रहने की उम्मीद है.

### ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री में गिरावट, बजाज और टीवीएस में बढ़त

**– टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 23 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल की**

नई दिल्ली (ए)। ओला इलेक्ट्रिक, जिसे पहले भारतीय बाजार में नंबर वन पर देखा जाता था, अब गिरती बिक्री का सामना कर रही है। ग्राहकों ने ओला की गुणवत्ता और आफ्टर सेल सर्विस की वजह से उससे दूरी बनानी




शुरू कर दी है। पिछले महीने के बिक्री आंकड़ों के मुताबिक ओला की बिक्री में 18 फीसदी की गिरावट आई है। इसी बीच बजाज ऑटो और टीवीएस मोटर ने इलेक्ट्रिक टू–व्हीलर सेगमेंट में अपनी बढ़त दिखाई है। टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 23 फीसदी की बाजार हिस्सेदारी हासिल की है, जबकि बजाज ने 25 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे पायदान पर जगह बनाई है। ओला को अपनी बिक्री में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दूसरी कंपनियां अपनी बढ़त के साथ बाजार में अच्छी पोजीशन बना रही हैं। यह स्थिति ओला के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रही है और दरअसल बाजाज और टीवीएस इस सेगमेंट में अपनी प्रतिष्ठा बनी हुई हैं।

### इंफोसिस का बड़ा धमाका- भारत के कर्मचारियों की 6 से 8 फीसदी बढ़ेगी सैलरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंफोसिस जनवरी 2025 से भारत में कर्मचारियों के लिए 6–8 फीसदी वार्षिक वेतन वृद्धि शुरू करेगी. मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार यह नियोजित वेतन संशोधन का पहला चरण है. दूसरा चरण अप्रैल में आएगा. जनवरी 2025 में लागू होने वाली वेतन वृद्धि एन आर नारायण मूर्ति की अगुवाई वाली कंपनी के नियोजित वेतन संशोधनों के पहले चरण को चिह्नित करती है, जिसका दूसरा चरण अप्रैल 2025 के लिए निर्धारित है. भारत से बाहर के कर्मचारियों को कम एकल अंकों की वेतन वृद्धि मिलने की संभावना है.रिपोर्ट में इंफोसिस के मुख्य वित्तीय अधिकारी जयेश संघराजका के हवाले से कहा गया है कि मोटे तौर पर, हम भारत में 6–8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, और विदेशी वेतन वृद्धि पहले की वेतन समीक्षाओं के अनुरूप होगी.

### सोना रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब, 700 रुपये उछलकर 82 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब



नई दिल्ली (ए.)। स्थानीय बाजारों में बढ़ने से दिल्ली–एनसीआर में शुक्रवार को सोने की कीमत लगातार तीसरे दिन बढकर 700 रुपये की तेजी के साथ 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। गुरुवार को यह बहुमूल्य धातु 81,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत लगातार तीसरे दिन चमकती रही और यह 700 रुपए बढ़कर 81,600 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि पिछले बंद भाव 80,900 रुपए प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमत 500 रुपये घटकर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

पिछले साल 31 अक्तूबर को स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना क्रमश: 82,400 रुपये और 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

### हाईवे पर कार के लिए बनेगा मंथली और एनुअल टोल पास! जान लें सरकार की प्लानिंग

मुंबई (आरएनएस)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी वाहनों के लिए टोल वसूली की जगह मासिक और वार्षिक पास शुरू करने पर विचार कर रही है. इस कदम से सरकार को कोई नुकसान नहीं होगा. क्योंकि वर्तमान में कुल टोल वसूली में निजी वाहनों की हिस्सेदारी केवल 26 फीसदी है, जबकि 74 फीसदी राजस्व वाणिज्यिक वाहनों से आता है. मासिक और वार्षिक पास की व्यवस्था होने से निजी वाहनों को टोल बूथ पर बार–बार रुकने की जरूरत नहीं होगी, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी. यह कदम आम जनता के लिए राहत भरा साबित हो सकता है, जिससे टोल भुगतान की प्रक्रिया आसान और सुविधाजनक हो जाएगी. नितिन गडकरी ने कहा कि इस नए प्रस्ताव के तहत अब गांवों के बाहर टोल बूथ बनाए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े. इसके साथ ही सरकारी अधिकारियों ने टोल वसूली के लिए ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) पर आधारित एक नई व्यवस्था का भी प्रस्ताव रखा है, जिससे टोल वसूली की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी और सुचारू हो जाएगी. इसके अलाव, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग के साथ–साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में सहज जीएनएसएस आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम को शुरू में लागू करने का निर्णय लिया है.



## रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 86.58 डॉलर पर

**– रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था**

मुंबई (ए.)। अमेरिकी मुद्रा में नरमी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अस्थिर वैश्विक रुझानों के बीच घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रही जिसका प्रभाव भी भारतीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.60 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले यह 86.58 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.80 पर रहा।

# संचार साथी ऐप पहरेदार की तरह सभी को रखेगा सुरक्षित : ज्योतिरादित्य सिंधिया

नई दिल्ली(आरएनएस)। दूरसंचार विभाग ने फर्जी कॉल और मैसेज को रिपोर्ट करने के लिए संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च कर दिया है। केंद्रीय संचार और नॉर्थ-ईस्ट विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संचार साथी मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, संचार साथी को एक ऐप के रूप में हर एक उपभोक्ता के लिए उपलब्ध करवा दिया गया है। इस पोर्टल की सफलता विश्वव्यापी रही है। जहां 9 करोड़ लोगों ने पोर्टल पर विजिट किया है। करीब पौने तीन करोड़ फोन को डिस्कनेक्ट किया गया है, ये वे फोन थे जो गलत तरीके से रजिस्टर्ड हुए थे या फ्रॉड में भागीदार रहे थे। 11 लाख म्यूल के अकाउंट हमने फ्रीज किए हैं और 12.50 लाख वॉट्सऐप अकाउंट भी डिस्कनेक्ट किए गए हैं। सिंधिया ने आगे कहा, जो 25 लाख फोन चोरी किए गए थे और जिन्हें डिस्कनेक्ट किया गया था, उनमें से 15 लाख फोन को ट्रेस भी कर लिया गया है। टेक्नोलॉजी सुविधा तो देती है, लेकिन जैसे ही कोई आविष्कार



होता है, कभी-कभी इसका गलत इस्तेमाल करने की कोशिश होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, संचार साथी ऐप एक पहरेदार की तरह सभी को सुरक्षित रखेगा। अब तक जो पोर्टल ने करके दिखाया है, वह अब फोन पर और तेज गति से होगा। दूरसंचार विभाग की वेबसाइट संचार साथी पर फ्रॉड से जुड़ी शिकायत चक्षु पोर्टल पर करने की सुविधा मिलती है। इसके अलावा, स्मार्टफोन यूजर फोन चोरी या गुम होने पर इसे ब्लॉक करवा सकते हैं। इस पोर्टल में दो महत्वपूर्ण मॉड्यूल शामिल हैं, जिन्हें सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) और टेलीकॉम एनालिटिक्स फॉर फ्रॉड मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर प्रोटेक्शन (टीएएफसीओपी) के रूप में जाना जाता है।

## केरल की अदालत ने ग्रीष्मा को 23 वर्षीय शेरोन की हत्या का दोषी पाया, मां बरी

तिरुवनंतपुरम, (आरएनएस)। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को 14 अक्टूबर, 2022 को अपने प्रेमी शेरोन राज को एक आयुर्वेदिक दवा में जहरीला रसायन मिलाकर जहर देकर हत्या करने वाली ग्रीष्मा नामक युवती को दोषी ठहराया है।

11 दिनों तक अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष करने के बाद, 25 अक्टूबर, 2022 को शेरोन की जहर के कारण मौत हो गई। इस मामले में दूसरी आरोपी ग्रीष्मा की मां को बरी कर दिया गया, जबकि उसके चाचा को भी दोषी पाया गया।शनिवार को कोर्ट ग्रीष्मा और उसके चाचा दोनों को सजा सुनाएगी। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए शेरोन राज के माता-पिता ने ग्रीष्मा की सजा पर राहत की सांस ली है। मगर वहीं उन्होंने उसकी मां को बरी किए जाने पर सवाल उठाए है।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के पांचवें दिन त्रिवेणी संगम पर किन्नर अखाड़ा के सदस्य अनुष्ठान करते हुए।

## निर्वाचन आयोग मिल्कीपुर उपचुनाव अपनी कड़ी निगरानी में कराए : अखिलेश



लखनऊ (ए.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया कि वह अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में अधिकारियों की तैनाती का संज्ञान लेने के साथ अपनी कड़ी निगरानी में यह उपचुनाव कराए। सपा प्रमुख ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा चुनाव आयोग मिल्कीपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के पक्षपाती अधिकारियों की तैनाती का संज्ञान ले और अपनी निष्पक्ष कार्यशैली की स्वस्थ परंपरा को सुनिश्चित करते हुए अपनी कड़ी निगरानी में चुनाव करवाए। यादव ने इसी पोस्ट में अयोध्या में तैनात पुलिस अधिकारियों के ब्योरे का एक स्केच भी साझा किया है जिसमें उन्होंने दावा किया है कि कुल 19 पुलिस अधिकारियों में सिर्फ तीन पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) अधिकारी हैं। कुल तैनाती में पीडीए की हिस्सेदारी तीन प्रतिशत बतायी गयी है। सपा के अवधेश प्रसाद के फैजाबाद (अयोध्या) से सांसद चुने जाने के बाद मिल्कीपुर सीट रिक्त हुई है। प्रसाद 2022 के विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर से निर्वाचित हुए थे। मिल्कीपुर में उपचुनाव के लिये पांच फरवरी को मतदान होना है और मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी। भाजपा ने मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि समाजवादी पार्टी ने फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारकर समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला किया है, जो इंडिया गठबंधन का एक घटक दल है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का दौरा किया.

# राहुल गांधी ने देर रात किया दिल्ली एम्स का दौरा, मरीजों और परिजनों से जाना हाल

नईदिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार देर रात दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने इलाज के लिए आए मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की और कड़ाके की ठंड में फुटपाथ पर सो रहे मरीजों के परिजनों की समस्याएं भी सुनीं। इसके बाद राहुल ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर केंद्र और दिल्ली सरकार पर मरीजों के प्रति असंवेदनशीलता दिखाने का आरोप लगाया।राहुल ने इंस्टाग्राम पर फोटो के साथ केंद्र और दिल्ली सरकार पर निशाना साधा।उन्होंने लिखा, आज मैं एम्स के बाहर उन मरीजों और उनके परिवारों से मिला, जो इलाज के लिए आए हैं। वे सड़कों,



फुटपाथों और सबवे में सोने को मजबूर हैं। ठंडी जमीन, भूख और असुविधाओं के बीच मरीजों ने उम्मीद की लौ जला रखी है। केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों ही जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रही हैं। कांग्रेस ने भी राहुल के वीडियों को अपलोड कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, इलाज के लिए महीनों का इंतजार, असुविधा और सरकार की असंवेदनशीलता- ये आज दिल्ली एम्स की की सच्चाई है। हालात ये हैं कि अपनों की बीमारी का बोझ लिए दूर-दराज से आए लोग इस ठिठुरती सर्दी में फुटपाथ और सब-वे पर सोने को मजबूर हैं। मोदी सरकार और दिल्ली की सरकार ने इन्हें अपने हाल पर छोड़ रखा है।

## दिल्ली से उत्तर प्रदेश तक कोहरे की चादर, कई राज्यों के लिए बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। पहाड़ों में जारी बर्फबारी के कारण इस समय पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली- एनसीआर में गुरुवार को हुई झमाझम बारिश के बाद मौसम में ठंडक देखने को मिली। इससे शुक्रवार को दिल्ली में घना कोहरा छाया रहा। इससे हवाई और ट्रेन सेवा बाधित रही। इसी तरह, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत कई राज्यों में घने कोहरे के कारण दृश्यता शून्य हो गई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने तेज ठंड और बारिश की चेतावनी जारी की है।दिल्ली में शुक्रवार सुबह कोहरे की मोटी चादर देखने को मिली। दृश्यता कम होने से 100 से अधिक उड़ाने और 27 ट्रेनों में संचालन में देरी हुई है।मौसम विभाग ने दिल्ली के न्यूनतम तापमान के 6 से 7 डिग्री तक लुढ़कने की आशंका जताई है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रशासन ने यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि कैट 3 मानकों का अनुपालन न करने वाली उड़ाने कोहरे से प्रभावित हो सकती हैं। दिल्ली में गुरुवार को हुई बारिश के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) भी थोड़ा सुधार देखने को मिला था, लेकिन शुक्रवार को घने कोहरे के बाद इसमें गिरावट आई है। दिल्ली में



सुबह 7 बजे एक्यूआई 332 के साथ बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया।मौसम विभाग ने पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी होने की संभावना जताई है। हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, उत्तराखंड और लद्दाख में फिलहाल जमकर बर्फबारी हो रही है। यहां कुछ क्षेत्रों का तापमान शून्य से भी नीचे पहुंच चुका है।पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से लोगों के हाथ-पांव तक जम रहे हैं। पहाड़ से आने वाली ठंडी हवा ने पहले ही मैदानी इलाकों का तापमान गिरा दिया है। बारिश होने से मैदानी इलाकों में भयंकर शीतलहर का प्रकोप बढ़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, आज तामिलनाडु और केरल में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। इसके अलावा जावुर, तिरुवरूर, नागपट्टनम, माइलदुथुरई, पुडुकोट्टई, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़ और दक्षिणी कर्नाटक के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## उन्नाव रेप के दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को लगा झटका, 20 जनवरी को सरेंडर करने का आदेश

लखनऊ (ए.)। दिल्ली हाई कोर्ट ने 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में चिकित्सा आधार पर निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर को दी गई अंतरिम जमानत बढ़ाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की पीठ ने राहत को और बढ़ाने की मांग करने वाली सेंगर की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया और मामले को 27 जनवरी को दूसरी पीठ के समक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की पीठ ने राहत को और बढ़ाने की मांग करने वाली सेंगर की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया और मामले को 27 जनवरी को दूसरी पीठ के समक्ष रखने का निर्देश दिया। 2019 में ट्रायल कोर्ट के जज रहते हुए जस्टिस धर्मेश शर्मा ने सेंगर को मामले में दोषी ठहराया और सजा सुनाई। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि हम शामिल नहीं हो रहे हैं। आप पहले आत्मसमर्पण करें, हम विचार करेंगे। सेंगर के वकील ने इस आधार पर विस्तार की मांग की कि अगले सप्ताह एम्स में उनकी आंख की सर्जरी होनी है। अदालत ने कहा कि एम्स आपको एक और तारीख देगा।

## विविध-समाचार

### रसिया के लिए लड़ने वाले 16 भारतीय लापता, 12 की हुई मौत, विदेश मंत्रालय ने जानें क्या क्या बताया

नई दिल्ली (ए.)। साप्ताहिक मीडिया प्रेस को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने शुक्रवार को कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में रूस के लिए लड़ने वाले कुल 126 भारतीयों में से 12 की मौत हो गई है, जबकि 16 भारतीय लापता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 96 वापस आ गए हैं और 18 को अभी भी भारत लौटना बाकी है। रणधीर जयसवाल ने कहा कि बिनिल बाबू की मौत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. हमने परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। हमारा दूतावास रूसी अधिकारियों के संपर्क में है ताकि उनका पार्थिव शरीर जल्द से जल्द भारत आ सके। एक अन्य व्यक्ति जो घायल हुआ था, उसका मॉस्को में इलाज चल रहा है...उम्मीद है, वह भी अपना इलाज पूरा होने के बाद जल्द ही भारत लौट आएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आज तक, 126 मामले सामने आए हैं (रूसी सेना में सेवारत भारतीय नागरिकों के) इन 126 मामलों में से 96 लोग भारत लौट आए हैं और उन्हें रूसी सशस्त्र बलों से छुट्टी दे दी गई है। रूसी सेना में 18 भारतीय नागरिक बचे हैं और उनमें से 16 लोगों का कोई अता-पता नहीं है. रूसी पक्ष ने उन्हें लापता के रूप में वर्गीकृत किया है... हम बचे हुए लोगों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी की मांग कर रहे हैं... 12 भारतीय नागरिकों की मृत्यु हो गई है जो रूसी सेना में सेवारत थे। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने रूसी सेना में काम कर रहे भारतीय नागरिकों की शीघ्र छुट्टी की अपनी मांग दोहराते हुए कहा, हमें केरल के एक भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बारे में पता चला है, जो स्पष्ट रूप से रूसी सेना में सेवा करने के लिए भर्ती किया गया था। एक और इसी तरह भर्ती किया गया केरल का भारतीय नागरिक घायल हो गया है और मॉस्को के एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि मॉस्को में हमारा दूतावास परिवारों के संपर्क में है, और हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। हम पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत लाने के लिए रूसी अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं।

### बलिया में 40 लाख रुपये की हेरोइन के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

बलिया (ए.)। बलिया जिला मुख्यालय की शहर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को बिहार निवासी पांच लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से 40 लाख रुपये मूल्य की 200 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कृपा शंकर ने बताया कि मादक पदार्थों के विरोध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बलिया शहर कोतवाली पुलिस द्वारा जनेश्वर मिश्र सेतु स्थित पुलिस पिकेट पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इसी दौरान एक चार पहिया वाहन बिहार की तरफ से आते हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। इसपर वाहन चालक ने वाहने पीछे मोड़ने का प्रयास किया। पुलिस टीम वाहन की तरफ दौड़ी तो गाड़ी का गेट खोलकर पांच लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने सभी को घेरकर पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान पिंटू कुमार, अरविन्द कुमार,लवकुश तिवारी, मुन्ना कुमार, विकास कुमार तिवारी (सभी बिहार राज्य के निवासी) के रूप में हुई। आरोपियों के पास से 40 लाख रुपये मूल्य की 200 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इस संबंध में बलिया शहर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत किए गए हैं तथा पांचों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

## जयपुर में महिला की हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

जयपुर (ए.)। राजस्थान पुलिस ने विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम को एक बुजुर्ग महिला की हत्या में शामिल दो आरोपियों को टोंक के मेहंदवास से और तीन अन्य आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि आरोपियों ने बृहस्पतिवार शाम को सरोज बंसल (55) के घर में घुसकर उसकी हत्या कर दी थी और घर से नकदी और अन्य सामान लूटकर भाग गये थे। उन्होंने बताया कि 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और तकनीकी के आधार पर दो आरोपियों को टोंक जिले के मेहंदवास से और तीन आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि महिला की हत्या कर फरार हुए आरोपियों में शामिल गोपाल शर्मा (45), बजरंग लाल (50), दीन मोहम्मद (47), लक्की (23), शाहरुख अंसारी (24) के खिलाफ बृहस्पतिवार को हत्या, लूट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपियों से लूटे गये सामान की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर में फिर हुई बर्फबारी



श्रीनगर, (आरएनएस)। पश्चिमी विक्षोभ के कारण आज उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने मैदानी इलाकों में सर्दी का कहर बढ़ा दिया है। दूसरी तरफ कोहरे की दोहरी मार पड़ रही है, जिससे कई जगह तापमान 5 डिग्री के नीचे चला गया है। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड़ और हिमाचल प्रदेश में कई जगह तापमान जमाव बिंदु के नीचे बना हुआ है। जानिए आज देश में मौसम कैसा रहेगा। कश्मीर और शिमला समेत कई ऊंचे इलाकों में गुरुवार को बर्फबारी हुई। शिमला में 1.6 सेमी हिमपात दर्ज किया गया। कई इलाकों में तापमान शून्य से 2-3 डिग्री तक चला गया है। कश्मीर में 22-23 जनवरी को बर्फबारी का अनुमान है, जबकि मैदानी और निचले इलाकों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी से ठिठुरन बढ़ गई है। इस मौसम का लुत्फ उठाने के लिए भारी मात्रा में पर्यटक पहुंच रहे हैं। दिल्ली में आज सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है और बादल छाए रहने से दिन में भी रात जैसा अंधेरा छाया हुआ है। इसके अलावा कुछ जगह आज बारिश होने के आसार हैं। शुक्रवार को यहां अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम 8 डिग्री तक रहने की संभावना है।कोहरे और खराब मौसम की वजह दिल्ली आने वाली ट्रेनें देरी से पहुंच रही है। दृश्यता शून्य तक पहुंचने से यहां हवाई सेवा भी प्रभावित हो रही है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। यहां शीतलहर के कारण जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, मेरठ, गोरखपुर, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ समेत कई जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति बनी हुई है। कड़ाके की सर्दी के चलते तमाम जिलों में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

## अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र, छात्रों के लिए की यह विशेष मांग

नईदिल्ली, (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चल रही तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राजधानी की स्कूल और कॉलेज के छात्रों को मेट्रो किराए में 50 प्रतिशत की सब्सिडी देने की मांग की है। उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया कि इस सब्सिडी का बोझ राज्य और केंद्र सरकार द्वारा 50:50 के अनुपात में वहन किया जाएगा। आइए जानते हैं केजरीवाल ने पत्र में क्या-क्या लिखा है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल की छात्रों को मेट्रो किराए में छूट देने की मांग को बेहद अहम माना जा रहा है।जाहिर सी बात है कि दिल्ली में छात्र अपने कॉलेज जाने के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं, जिससे छात्रों को जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ता है। छात्रों को मेट्रो किराए में छूट मिलती है तो आर्थिक तंगी के चलते डीटीसी की खचाखच भरी बसों में सफर करने को मजबूर छात्रों को राहत मिलेगी। आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन करने का आखिरी दिन है। दिल्ली में 5 फरवरी को सभी 78 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा और इसके बाद 8 फरवरी को चुनाव का परिणाम आएगा।



एनडीए संसदीय बोर्ड ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में देवली ( एससी ) सीट के लिए लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) से दीपक तंवर की उम्मीदवारी को मंजूरी दी।

# कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नेतृत्व क्षमता होने की जरूरत : शिवकुमार

बेंगलुरु (ए.)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा कि उनके पास कांग्रेस की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष पद है जिसे महज प्रबल इच्छा से प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को राज्य के हर घटनाक्रम की जानकारी है और उन्हें इन चीजों के बारे में पार्टी नेतृत्व (खरगे) को जानकारी देने की जरूरत नहीं है। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैंने पदों की तलाश नहीं की थी। ये ऐसी भूमिकाएं हैं जो नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमताओं के बलबूते अर्जित की जाती हैं। उन्होंने कहा, ''हमारी पार्टी में ऐसे पदों की पेशकश इन्हीं गुणों के आधार पर की जाती है। मैं दूसरी पार्टियों के बारे में नहीं कह सकता।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की चर्चाएं मीडिया में नहीं होनी चाहिए, क्योंकि पार्टी उनसे



निपट लेगी। शिवकुमार ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे कर्नाटक से हैं और वह पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं तथा प्रखंड(ब्लॉक) अध्यक्ष से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, '' उनके (खरगे के) आंख-कान खुले हैं और वह हर घटनाक्रम से अवगत हैं। मुझे उनसे इस बारे में चर्चा करने की जरूरत नहीं है।'' शिवकुमार से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने कर्नाटक के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को बदले जाने के बारे में पार्टी में चल रही चर्चा का मुद्दा (केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष) उठाया है तो उन्होंने कहा कि उसकी जरूरत ही नहीं है क्योंकि उनके (खरगे के) पास पहले से सारी सूचनाएं हैं। शिवकुमार का बयान ऐसे समय में आया है जब लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकिहोली ने यह कहते हुए पूर्णकालिक प्रदेश अध्यक्ष की मांग की है कि ''मंत्री पार्टी एवं संगठन के कामकाज को वक्त नहीं दे पाते हैं।'' जारकिहोली की प्रेसवार्ता के बाद कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई, जहां विधायकों एवं मंत्रियों को नेतृत्व परिवर्तन, मंत्रिमंडल में विस्तार या नये प्रदेश अध्यक्ष की मांग के बारे में मीडिया के सामने कुछ नहीं बोलने के सख्त निर्देश दिये गये।

## अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2ः द रूल रीलोडेड पर बिग ऑफर, 20 मिनट एक्स्ट्रा वर्जन को सिनेमा डे पर 112 रु में देखें

पुष्पा 2ः द रूल, जिसमें अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में हैं, भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा ब्लॉकबस्टर बन चुकी है, जिसने रिलीज के बाद से बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. निर्देशक सुकुमार की बेहतरीन निर्देशन क्षमता, अल्लू अर्जुन का दमदार प्रदर्शन और रश्मिका मंदाना की प्रभावशाली अदाकारी ने इस फिल्म को सांस्कृतिक प्रतीक बना दिया है.

फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में पुष्पा 2 का एक रिलोडेड संस्करण का एलान किया है, जिसमें 20 अतिरिक्त मिनट के अनन्य नए दृश्य शामिल हैं. यह नया संस्करण 17 जनवरी से सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा. इसके साथ ही, निर्माताओं ने यह भी घोषणा की है कि प्रशंसक इस इंडस्ट्री हिट फिल्म को उत्तर भारत में मात्र 112 रुपये की किफायती कीमत पर देख सकते हैं, जो सिनेमा प्रेमियों के लिए एक शानदार ट्रीट साबित होगी.निर्माताओं ने इस खबर को शेयर करते हुए लिखा, सिनेमा प्रेमी दिवस मनाएं पुष्पा 2ः द रूल रिलोडेड वर्जन के साथ, 17 जनवरी से, भारतीय सिनेमा की इस इंडस्ट्री हिट को उत्तर भारत में सिर्फ ?112 की किफायती कीमत पर देखें. वहीं, पूरे निजाम में मल्टीप्लेक्स में यह दाम 150 रुपये है.

पुष्पा 2ः द रूल का यह रिलोडेड संस्करण, जिसमें 20 अतिरिक्त मिनट के फुटेज जोड़े गए हैं, अधिक दर्शकों को सिनेमाघरों की ओर आकर्षित करेगा. टिकट की कीमत में की गई कटौती इसे और भी अधिक सुलभ बनाएगी,

# एक्टिंग के बाद अब म्यूजिक में दमखम दिखाएगी काजोल सोलंकी



काजोल सोलंकी एक बेहतरीन मेकअप आर्टिस्ट, हेयर स्टाइलिस्ट और मॉडल है। हाल ही में इन्हें वड़ोदरा में निधि फाउंडेशन की ओर से ब्यूटी सेलिब्रिटी आवर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड इन्हें मशहूर टीवी अभिनेत्री रुपाली गांगुली के हाथों मिला। अहमदाबाद में सम्पन्न हुए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी काजोल सम्मानित हुई हैं। यह अवार्ड इन्हें महाभारत में द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले एक्टर सुरेंद्र पाल के हाथों प्राप्त हुआ।

काजोल बेहद मेहनती और प्रतिभावान है। उन्होंने बताया कि वह एक के बाद एक ऐसे विशेष अवार्ड मिलने से बेहद प्रसन्न और उत्साहित है। काजोल सोलंकी ब्यूटी पार्लर और मेकअप का काम बेहद पसंद है। अप एक्टिंग के बाद अब म्यूजिक में दम कम दिखाएंगे काजल सोलंकी ने दम पर इन्होंने अपने हुनर को संवारा और आज वह कई मॉडल्स का मेकअप और हेयर स्टाइल का काम करती है। यह काम करते हुए वह इतनी पारंगत हो गई कि उन्होंने खुद मॉडलिंग शुरू कर दिया। हॉल ही में वियतनाम में इन्होंने रैम्प वॉक किया, साथ ही कई शो में वह रैम्प वॉक कर चुकी हैं। अब वह अभिनय में भी आ रही हैं, जनवरी माह में उनकी म्यूजिक वीडियो लॉन्च होने वाली है।

काजोल सोलंकी अहमदाबाद की रहने वाली है। इन्हें इनके परिवार का प्यार और सपोर्ट दोनों मिला है। जिन्हें ट्रेवलिंग और ट्रेकिंग करना पसंद है। भगवान शिव में इनकी बड़ी आस्था है और यह सारे ज्योतिर्लिंग और शिव जी के स्थानों का दर्शन करना चाहती हैं। इस कड़ी में वह आठ ज्योतिर्लिंग, पशुपति नाथ और कई मंदिरों का दर्शन कर चुकी हैं। वह अपनी गुरु गिरिजा पटेल का बहुत सम्मान करती हैं, जिन्होंने मेकअप और हेयर स्टाइल सिखाया। वह बॉलीवुड में अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की बहुत बड़ी फैन है। काजोल अपने बड़े भाई को अपना आदर्श मानती है। उनके बड़े भाई हमेशा काजोल का मार्गदर्शन करते हैं और हर परिस्थिति में साथ देते हैं।

काजोल सोलंकी ने बताया कि आज वह जिस मुकाम पर है वहाँ तक का सफर तय करने के लिए कड़ी मेहनत की है और आज उनका धैर्य और मेहनत रंग ला रही है। उन्होंने इंडस्ट्री के बारे में कहा कि यहाँ पॉजीटिविटी और निगेटिविटी दोनों है। यह आप पर निर्भर करता है कि आप क्या चूज़ करते हो। सकारात्मकता के साथ रहोगे तो देर से ही सही पर आपकी मंजिल जरूर मिलेगी। साथ ही आप काम ऐसा करो कि आपके परिवार और समाज को आप पर गर्व महसूस हो।

## दीप्ति की आवाज का दम पाकर दमक उठा महाकुंभ का थीम सॉन्ग, अनूप जलोटा का मिला आशीर्वाद

महाकुंभ को धरती का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन माना जाता है। यहां हर रोज करोड़ों श्रद्धालु देश विदेश से संगम में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। और, यहां मुंबई में एक संगम सुर, ताल और ध्यान का हुआ। प्रयागराज की महिमा का बखान करता ये बेहद भावुक गीत दीप्ति चतुर्वेदी ने तैयार किया है।



अपनी आवाज से आवाज की दुनिया में लाखों प्रशंसक कमा चुकीं गायिका दीप्ति चतुर्वेदी ने अबकी गायन की गंगा, जमुना और सरस्वती में स्नान किया है। महाकुंभ के हर हर नाद को उन्होंने संगीत में संजोया है और उसे एक ऐसे गीत का आकार प्रदान किया है कि लोगों को इस गीत में इस बार के महाकुंभ का थीम सॉन्ग बन जाने के सारे लक्षण नजर आ रहे हैं। गाना बन चुका है। रिकॉर्ड भी हो चुका है और दीप्ति बताती हैं कि भजन सम्राट अनूप जलोटा के आशीर्वाद से जल्द ही ये जन-जन तक पहुंच जाएगा।

**अनूप जलोटा के साथ गाया भावुक गीत**

महाकुंभ को धरती का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन माना जाता है। यहां हर रोज करोड़ों श्रद्धालु देश विदेश से संगम में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। और, यहां मुंबई में एक संगम सुर, ताल और ध्यान का हुआ। प्रयागराज की महिमा का बखान करता ये बेहद भावुक गीत दीप्ति चतुर्वेदी ने तैयार किया है। उन्होंने इस गीत को अनूप जलोटा के साथ गाया है और इसके संगीत की संरचना में भी उनका आशीर्वाद प्राप्त किया है।

**जल्द होगा रिलीज**

च्अमर उजालाज् से एक संक्षिप्त बातचीत में दीप्ति चतुर्वेदी बताती हैं, "यह गीत मेरे लिए एक अत्यंत भावुक अनुभव रहा है। प्रयाग सिर्फ एक शहर नहीं है, यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक जीता-जागता प्रतीक है। हमें उम्मीद है कि यह गीत सुनने वालों के दिलों को छू जाएगा"। यह गीत जल्दी ही सभी प्रमुख संगीत स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया जाएगा।

**श्रोताओं को महसूस होगी प्रयाग की दिव्यता**

वहीं, भजन सम्राट का तमगा पा चुके गायक अनूप जलोटा ने कहा, "प्रयाग एक ऐसा शहर है जो दिव्यता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। इस गीत के माध्यम से दीप्ति और मैंने इसकी आत्मा को अभिव्यक्त करने और श्रोताओं को इसकी सुंदरता और आध्यात्मिकता को महसूस कराने का प्रयास किया है"।

**कब और कहां होगा रिलीज ?**

महाकुंभ को समर्पित इस गीत की धुन अनूप जलोटा और दीप्ति चतुर्वेदी ने तैयार की है। गायन की जुगलबंदी भी इन दोनों ने ही की है। गीत के बोल संगम नगरी के कवि जयकृष्ण राय च्तुषारज् के हैं। जबकि, इसका संगीत संयोजन विवेक प्रकाश का है। गाने को अगले हफ्ते रेड रिबन के चैनल पर रिलीज करने की तैयारी है।

# शाहिद कपूर की फिल्म देवा का पहला गाना भसड़ मचा रिलीज, मीका सिंह ने लगाए सुर

अभिनेता शाहिद कपूर पिछले कुछ समय से फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। इसे लेकर दर्शकों का उत्सह तभी बढ़ गया था, जब फिल्म से शाहिद की पहली झलक सामने आई थी।



पिछले दिनों देवा का टीजर रिलीज हुआ, जिसे देख फिल्म की रिलीज को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया।शाहिद के प्रशंसकों ने पहले ही इस फिल्म को ब्लॉकबस्टर बता दिया है।अब देवा का पहला गाना भसड़ मचा भी रिलीज हो गया है।फिल्म के गाने में शाहिद के साथ-साथ लीड हीरोइन पूजा हेगड़े ने ऐसा धमाकेदार डांस किया है, जिसे देखकर आप भी खुद को थिरकने से रोक नहीं पाएंगे।गाने में शाहिद की मस्ती और जोश देखने लायक है।भसड़ मचा गाने को मीका सिंह, विशाल मिश्रा और ज्योतिका तंगरी ने अपनी आवाज दी है। विशाल मिश्रा का म्यूजिक और राज शेखर के लिखे बोल इसे खास बनाते हैं।फिल्म के इस पार्टी नंबर पर लोग खूब प्यार लुटा रहे हैं।इस गाने में जहां एक ओर पूजा और शाहिद की जोड़ी जबरदस्त लग रही है, वहीं शाहिद का स्वैग देखकर प्रशंसकों को उनकी फिल्म कमीने की याद आ गई है।देवा का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स के बैनर तले यह फिल्म बनी है।

## अजीत कुमार की विदामुयार्ची का ट्रेलर रिलीज, अजित कुमार-तृषा कृष्णन की दिखा शानदार केमिस्ट्री, अनिरुद्ध का सस्पेंसफुल म्यूजिक




तमिल सुपरस्टार अजित कुमार की मोस्ट अवेटेड फिल्म विदामुयार्ची के निर्माताओं ने बताया है कि फिल्म का ट्रेलर आज यानी 16 जनवरी को रिलीज किया जाएगा. यह एक्शन थ्रिलर, जिसे पहले 10 जनवरी, 2025 को रिलीज किया जाना था, लेकिन किसी वजह से इसे पोस्टपोन करते हुए अब 6 फरवरी, 2025 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज किया जा रहा है.

अजित कुमार इस बार हाई ऑक्टेन एक्शन के साथ ही थ्रिलर कहानी और भरपूर सस्पेंस लेकर आए हैं. इसके साथ ही ट्रेलर में अजित और तृषा की केमिस्ट्री जबरदस्त लग रही है. ट्रेलर में देखकर लग रहा है कि अजित अपनी गुमशुदा वाइफ को ढूंढने दूसरे देश जाते हैं और वहां उनका सामना नामची गुंडो से होता है. जिसके बाद सस्पेंस भरा अनिरुद्ध का म्यूजिक और पावर पैक्ड एक्शन सीन कमाल के हैं. ट्रेलर हमें एक शानदार सस्पेंस थ्रिलर होने की उम्मीद देता है.चेन्नई में वेट्री थिएटर के मालिक ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर फिल्म की नई रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी.

उन्होंने कहा था कि विदामुयार्ची का ट्रेलर आज यानी 16 जनवरी, 2025 को शाम 6:40 बजे सन टीवी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा जो तय वक्त पर हो भी

## फिल्म राजाकार 24 जनवरी को ओटीटी पर होगी रिलीज, अहा प्लेटफॉर्म पर होगी स्ट्रीम

तेलुगू ऐतिहासिक ड्रामा राजाकार: द साइलेंट जेनोसाइड ऑफ हैदराबाद 24 जनवरी, 2025 से अहा पर ओटीटी रिलीज होने जा रही है. इस फिल्म का निर्देशन यता सत्यनारायण ने किया है और यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हैदराबाद के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं को दर्शाती है. पहले इसे जी5 पर डिजिटल रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब इसे अहा पर स्ट्रीम किया जाएगा. यह फिल्म दर्शकों को पोस्ट-पोंगल एंटरटेनमेंट का एक बेहतरीन विकल्प प्रदान करेगी.फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को हैदराबाद राज्य की राजनीतिक उथल-पुथल में डुबो देता है, खासकर 1947 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद के घटनाक्रमों में. फिल्म में निज़ाम के प्रति वफादार एक पैरा-मिलिट्री ग्रुप राजाकार और उनके खिलाफ उठ खड़े प्रतिरोध आंदोलनों को दिखाया गया है. ऑपरेशन पोलो से जुड़े घटनाक्रमों और आम जनता की कठिनाइयों के बारे में यह फिल्म गहरी जानकारी देती है.इस फिल्म का निर्माण गुडुर नारायण रेड्डी द्वारा समरवीर क्रिएशन एलएलपी के तहत किया गया है. फिल्म में प्रमुख भूमिकाओं में बॉबी सिम्हा, तेज़ सप्रू, मकरंद देशपांडे, राज अर्जुन और वेधिका जैसे कलाकार हैं. इसके अलावा, फिल्म की सिनेमैटोग्राफी कुशेंदर रमेश रेड्डी ने की है, जबकि संपादन तम्मिराजू ने किया है, जो फिल्म के दृश्य और कथा को बेहद प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करते हैं. फिल्म को लेकर समीक्षाएँ मिली-जुली रही हैं. कुछ आलोचकों ने इसके साहसिक कहानी कहने की तारीफ की, वहीं कुछ ने ऐतिहासिक तथ्यों की सटीकता पर सवाल उठाए. फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन मध्यम रहा, लेकिन इसके विवादास्पद विषय ने दर्शकों और आलोचकों के बीच बहस को जन्म दिया.

## केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते हैं ये संकेत, भूलकर न करें इग्नोर



एक अनुमान के मुताबिक हर साल करीब 17.9 मिलियन लोग दिल की बीमारी से मर जाते हैं. इसमें से करीब 85ল लोग दिल का दौरा पड़ने या फिर स्ट्रोक आने की वजह से दम तोड़ देते हैं. यूं तो ये बात कई शोध में साबित हो चुकी है कि पुरुषों में महिलाओं की तुलना में दिल का दौरा पड़ने का खतरा ज्यादा होता है. लेकिन बीते कुछ सालों में महिलाओं में भी ये समस्या बढ़ती जा रही है. हार्ट अटैक के ज्यादातर लक्षण महिला और पुरुष में एक जैसे होते हैं. लेकिन क्या आपको पता है केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते कुछ संकेत बिल्कुल अलग होते हैं. क्या हैं वो संकेत, आइए जानते हैं इसके बारे में.

महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के लक्षण

महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने पर पुरुषों की तरह कई बार सीने में तेज दर्द नहीं होता है. बल्कि उन्हें कुछ हल्के संकेत ही दिखाई दे सकते हैं. जैसे कई बार महिलाओं को सीढ़ियां चढ़ते समय सीने में दर्द जैसा महसूस होता है या फिर हल्के काम करने के बाद भी सांस लेने में तकलीफ होती है. डॉ. राजीव सेठी बताते हैं कि ऐसा अगर आपके साथ बार-बार हो रहा है तो इसे नजर अंदाज न करें.

**दिल की बीमारी होने पर महिलाओं में दिखते हैं ये संकेत**

चक्कर आना

निचली छाती में दर्द

ऊपरी पेट में दर्द

अत्यधिक थकान

सांस की तकलीफ

मतली/उल्टी

पीठ या जबड़े में दर्द

महिलाएं हार्ट अटैक से कैसे करें बचाव ?

महिलाओं को समय-समय पर अपना हेल्थ चेकअप कराते रहना चाहिए. कोई भी लक्षण लंबे समय तक दिखने पर चिकित्सक से परामर्श जरूर करें. मेनोपॉज के दौरान महिलाओं को ज्यादा सावधान रहना चाहिए. हेल्दी डाइट अपनाएं और रोजाना एक्सरसाइज जरूर करें. रात में देर तक जागने की बजाय जल्दी सोएं.

# डार्क चॉकलेट खाने से मधुमेह का खतरा कम हो सकता है, लेकिन दूध से नहीं

*एक दीर्घकालिक अमेरिकी अध्ययन के अनुसार, सप्ताह में पांच बार डार्क चॉकलेट खाने से टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है, न कि दूध वाली चॉकलेट।बीएमजे में प्रकाशित, शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि दूध वाली चॉकलेट का अधिक सेवन, लेकिन डार्क चॉकलेट का नहीं, दीर्घकालिक वजन बढ़ने से जुड़ा था।चॉकलेट में फ्लेवेनॉल्स (फलों और सब्जियों में पाया जाने वाला एक प्राकृतिक यौगिक) की उच्च मात्रा होती है, जो हृदय के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और मधुमेह के जोखिम को कम करने में सहायक होता है।लेकिन असंगत परिणामों के कारण चॉकलेट के सेवन और टाइप 2 मधुमेह के जोखिम के बीच संबंध विवादास्पद बना हुआ है। इसके अतिरिक्त, अधिकांश पिछले अध्ययनों में यह नहीं देखा गया कि डार्क और मिल्क चॉकलेट - जिनमें कोको, दूध और चीनी की मात्रा अलग-अलग होती है - खाने से टाइप 2 मधुमेह के जोखिम पर अलग-अलग प्रभाव पड़ सकता है या नहीं।*



इस पर आगे अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ताओं ने महिला नर्सों और पुरुष स्वास्थ्य पेशेवरों पर किए गए तीन दीर्घकालिक अमेरिकी अवलोकन अध्ययनों के आंकड़ों को संयुक्त किया, जिनमें भर्ती के समय मधुमेह, हृदय रोग या कैंसर का कोई इतिहास नहीं था।

उन्होंने 25 वर्षों की औसत निगरानी अवधि में 192,208 प्रतिभागियों के लिए टाइप 2 मधुमेह और कुल चॉकलेट उपभोग के बीच संबंधों का विश्लेषण किया, तथा 111,654 प्रतिभागियों के लिए चॉकलेट उपप्रकार (डार्क और दूध) उपभोग का विश्लेषण किया।

सम्पूर्ण चॉकलेट के विश्लेषण में 18,862 लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ।

व्यक्तिगत, जीवनशैली और आहार संबंधी जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, लेखकों ने पाया कि जो लोग सप्ताह में कम से कम पांच बार किसी भी प्रकार की चॉकलेट खाते हैं, उनमें टाइप 2 मधुमेह की दर उन लोगों की तुलना में 10 प्रतिशत कम देखी गई, जो कभी-कभार या कभी भी चॉकलेट नहीं खाते थे।

चॉकलेट उपप्रकारों के विश्लेषण से पता चला कि 4,771 लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ।समान जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, जो लोग सप्ताह में कम से कम पांच बार डार्क चॉकलेट खाते थे, उनमें टाइप 2 मधुमेह का जोखिम 21 प्रतिशत कम हो गया, लेकिन दूध चॉकलेट के सेवन के साथ कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया।

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि डार्क चॉकलेट की प्रत्येक अतिरिक्त साप्ताहिक खुराक से टाइप 2 मधुमेह का खतरा 3 प्रतिशत कम हो जाता है।

शोधकर्ताओं ने कहा, निष्कर्षों की पुष्टि करने और डार्क चॉकलेट के सुरक्षात्मक प्रभाव के कारणों की पहचान करने के लिए नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता है।

## इमरान खान को अल कादिर ट्रस्ट मामले में 14 साल की सजा, पत्नी बुशरा बीबी को भी 7 साल की जेल

इस्लामाबाद( आरएनएस) । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अल कादिर ट्रस्ट केस में अदालत द्वारा 14 साल की सजा सुनाई गई है जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल की सजा दी गई है।

अदालत ने दोनों पर आर्थिक जुर्माने भी लगाए हैं। इमरान खान पर



10 लाख रुपए और बुशरा बीबी पर 5 लाख रुपए का जुर्माना ठहराया गया है। यदि निर्धारित राशि का भुगतान नहीं किया गया तो छह महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भी दी जाएगी। इस फैसले के तुरंत बाद बुशरा बीबी को अदालत से ही गिरफ्तार कर लिया गया।

पाक अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला बह्रिया टाउन से संबंधित जमीन और धन लेन-देन के आरोपों से जुड़ा है। आरोप लगाये गए कि इमरान खान ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान बह्रिया टाउन लिमिटेड से अरबों रुपये और सैकड़ों कनाल जमीन हासिल की थी, जिसके चलते उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया। अदालत ने इन आरोपों की सत्यता को मानते हुए दोनों को दोषी ठहराया।

इस ऐतिहासिक फैसले ने पाकिस्तान के राजनीतिक परिदृश्य में गंभीर हलचल मचा दी है। इमरान खान, जो पिछले 18 महीनों से अडियाला जेल में बंद हैं, पर यह फैसला उनके राजनीतिक भविष्य पर भी प्रभाव डाल सकता है। मामले से संबंधित आगे की अपील प्रक्रिया और कानूनी कार्यवाहियों पर नजर रखी जा रही है।

# इजरायल-हमास युद्धविराम समझौते पर पहुंचे, जो बाइडेन ने कहा- इसकी राह आसान नहीं रही



वाशिंगटन ( आरएनएस) । इजरायल और हमास महीनों के गहन कूटनीतिक प्रयासों के बाद युद्धविराम और बंधक समझौते पर पहुंच गए हैं। अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता से हुए इस समझौते से गाजा में जारी हिंसा रुकेगी, फिलिस्तीनी नागरिकों को महत्वपूर्ण मानवीय सहायता मिलेगी और 15 महीने से अधिक समय से बंधक बनाए गए बंधकों को वापस लाया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस समझौते तक पहुंचने की चुनौतीपूर्ण राह पर विचार करते हुए कहा कि यह उनके लिए अब तक अनुभव की गई सबसे कठिन वार्ताओं में से एक थी।

जो बाइडेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, इस समझौते की राह आसान नहीं रही है। मैंने दशकों तक विदेश नीति में काम किया है, यह मेरे द्वारा अब तक अनुभव की गई सबसे कठिन वार्ताओं में से एक रही है। हम इस बिंदु पर इसलिए पहुंचे हैं क्योंकि इजरायल ने अमेरिका के समर्थन से हमास पर दबाव बनाया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस समझौते के महत्व पर जोर दिया, जिसे पहले मई 2024 में प्रस्तावित किया गया था और बाद में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा इसका समर्थन किया गया था।

जो बाइडेन ने इस समझौते के मुख्य कारणों को बताया, जिसमें इजरायल की सैन्य कार्रवाईयों से हमास पर बढ़ा दबाव और क्षेत्रीय हालात में बदलाव शामिल हैं।

उन्होंने कहा, यह न केवल हमास पर पड़ रहे अत्यधिक दबाव, लेबनान में युद्ध विराम और ईरान के कमजोर होने के बाद बदले क्षेत्रीय समीकरण का परिणाम है, बल्कि यह दृढ़ और अमेरिकी कूटनीति का भी परिणाम है।

युद्धविराम समझौते को गाजा में तबाही मचाने वाली हिंसा को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहा गया है। बाइडेन ने कहा, इस खबर का स्वागत करते हुए, हम उन सभी परिवारों को याद करते हैं जिनके प्रियजन 7 अक्टूबर के हमास के हमले में मारे गए थे। जो बाइडेन ने समझौते की सफलता का जश्न मनाते हुए, क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की पुष्टि की।

## युद्ध विराम समझौते के बाद भी इजरायली हमले जारी, गाजा में 86 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा ( आरएनएस) । इजरायल-हमास युद्ध विराम समझौते की बुधवार को घोषणा के बाद भी गाजा में इजरायली हमले जारी हैं। फिलिस्तीनी सिविल डिफेंस के मुताबिक हमलों में 23 बच्चों समेत 86 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। सिविल डिफेंस ने एक प्रेस बयान में कहा कि कुल मौतों में से 73 उत्तर गाजा, चार मध्य गाजा और नौ दक्षिण गाजा में मौत दर्ज की गई।बयान के अनुसार मृतकों में 23 बच्चे और 27 महिलाएं शामिल हैं, जबकि 258 से अधिक अन्य लोग घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में उसकी वायु सेना ने गाजा में लगभग 50 साइट्स को निशाना बनाया।प्रेस बयान में कहा गया कि हमलों का टारगेट हमास और इस्लामिक जिहाद के सदस्य, सैन्य भवन, हथियार स्टोरेज सुविधाएं, रॉकेट लॉन्चिंग साइट, हथियार प्रोडक्शन साइट और निगरानी चौकियां थीं। इजरायली सेना ने हमास पर अपनी गतिविधियों के लिए नागरिक संस्थाओं और आबादी का क्रूरतापूर्वक शोषण करके अंतरराष्ट्रीय कानून का व्यवस्थित रूप से उल्लंघन करने' का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि वह ऐसे संगठनों के खिलाफ निर्णायक रूप से कार्रवाई करना जारी रखेगा।इससे पहले इजरायल की सेना ने कहा था कि उसने हमास के साथ युद्ध विराम समझौते पर सहमत होने के एक दिन बाद गुरुवार को गाजा पट्टी में लगभग 50 जगहों पर हमला किया।

## लॉस एंजिल्स के जंगल में आग लगने से 27 लोगों की मौत

लॉस एंजिल्स( आरएनएस) । अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स क्षेत्र में लगी भीषण आग में एक सप्ताह से अधिक समय में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और 12,300 से अधिक संरचनाएं नष्ट हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, लॉस एंजिल्स में दो बड़ी जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन दल ने गुरुवार को भी काम जारी रखा, क्योंकि क्षेत्र में हवाएं धीमी पड़ गई है।

पालिसैड्स फायर लॉस एंजिल्स क्षेत्र में सबसे बड़ी सक्रिय जंगल की आग में से एक है, जिसने अब तक 23,713 एकड़ (95.96 वर्ग किमी) को चपेट में लिया है। 7 जनवरी को लगी आग पर 22 प्रतिशत काबू पा लिया गया है, जो एक दिन पहले 17 प्रतिशत था।

कैलिफोर्निया के वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) ने गुरुवार को एक अपडेट में कहा, मौसम की स्थिति सामान्य हो गई है, तथा आग के वर्तमान परिधि के भीतर ही रहने की उम्मीद है। इसमें कोई अतिरिक्त वृद्धि की उम्मीद नहीं है। कैल फायर ने कहा, कर्मचारी फायर लाइन की स्थापना और सुधार, आग के संभावित स्थानों की तलाश और उन्हें बुझाने तथा जोखिम वाले क्षेत्रों में क्षति को सीमित करने के लिए नियंत्रण रेखाएं बनाने का काम जारी रखे हुए हैं।एक अन्य बड़ी और सक्रिय आग ईटन फायर ने अल्ताडेना और पासाडेना के पास 14,117 एकड़ (57.1 वर्ग किमी) को जला दिया है। आग पर काबू पाने का स्तर एक दिन पहले के 45 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गया है। कैल फायर के अनुसार, रात और सुबह की आसान मौसमी परिस्थितियों ने आग की गतिविधि को कम कर दिया, जिससे अग्निशामकों को अच्छी प्रगति करने में मदद मिली।

## बांग्लादेश में ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस से पहली मौत

ढाका ( आरएनएस) । ह्यूमन मेटापन्यूमोवायरस के दुनियाभर से मामले सामने आ रहे है। बांग्लादेश में भी इस वायरस से एक महिला की मौत की खबर सामने आई है। महिला पहले से ही कई तरह की स्वास्थ्य जटिलताओं से जूझ रही थी।ह्यूमन मेटापन्यूमोवायरस से मरने वाली महिला संजीदा अख्तर का रविवार से अस्पताल में इलाज चल रहा था, मगर बुधवार को महिला ने दम तोड़ दिया।अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट अरिफुल बशर ने गुरुवार एक बयान जारी कर कहा कि महिला पहले से ही मोटापे, किडनी की समस्या और फेफड़ों संबंधी बीमारियों से पीड़ित थी।बता दें कि बांग्लादेश में एचएमपीवी का पहला मामला सामने आने के कुछ दिनों बाद महिला की मौत हुई है। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।महामारी विज्ञान रोग नियंत्रण और अनुसंधान संस्थान (आईईडीसीआर) में वायरोलॉजी के प्रमुख अहमद नौशेर आलम ने कहा कि महिला का निमोनिया के एक प्रकार क्लेबसिएला न्यूमोनिया के लिए भी परीक्षण किया गया था जो पॉजिटिव आया।उन्होंने बताया कि मरीज ने विदेश यात्रा नहीं की थी।आईईडीसीआर की निदेशक तहमीना शिरीन ने पहले कहा था कि एचएमपीवी का पहली बार बांग्लादेश में 2017 में पता चला था। तब से, वायरस की पहचान लगभग हर साल सर्दियों में की जाती रही है। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार, 2001 में खोजा गया एचएमपीवी रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस न्यूमोविरिडे का वेरिएंट है।

## मोरक्को के पास पलट गई नौका, 40 से अधिक पाकिस्तानियों की मौत



मोरक्को (ए)। स्पेन जाने की कोशिश कर रहे 80 प्रवासियों को ले जा रही एक नौका मोरक्को के पास पलट गई, इसमें 40 से अधिक पाकिस्तानियों की मौत हुई है।प्रवासी अधिकार समूह ने बताया कि 50 से ज्यादा प्रवासियों के डूबने की आशंका है। मोरक्को के अधिकारियों ने पहले एक नौका से 36 लोगों को बचाया था, जो दो जनवरी को मॉरिटेनिया से 86 प्रवासियों को लेकर रवाना हुई थी। इन प्रवासियों में 66 पाकिस्तानी भी शामिल थे।

## गाजा युद्धविराम समझौते पर अंतिम मुहर, इजरायली पीएम बोले- हमास के साथ डील फाइनल

यरूशलेम ,(ए)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को पुष्टि की कि कतर में इजरायल और हमास टीमों के बीच गाजा में बंधकों की रिहाई और युद्ध विराम लागू करने के लिए एक समझौता हो गया है। इजरायली मीडिया ने यह जानकारी दी है। टाइम्स ऑफ इजरायल ने बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री ने डील पर मतदान करने के लिए शुक्रवार को सुरक्षा कैबिनेट की बैठक बुलाई है, जिसके बाद आधिकारिक मंजूरी के लिए पूर्ण कैबिनेट सत्र होगा। नेतन्याहू को इजरायली वार्ता टीम ने जानकारी दी कि समझौता सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। उन्होंने टीम की कोशिशों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस समझौते को 15 महीने से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसके तहत जहां इजरायल बंदी बनाए गए फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा तो वहीं हमास बंधक बनाए गए कई लोगों को मुक्त करेगा।

## जो बाइडेन ने महामारी के दौरान राजनीति को किनारे रखकर सही काम करे : बराक ओबामा

वाशिंगटन (ए)। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राजनीति में 50 से अधिक वर्षों के लंबे करियर को समाप्त करते हुए देश को संबोधित करते हुए अपना विदाई भाषण दिया। इसके बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कोरोना महामारी के समय जो बाइडेन के द्वारा किए गए कार्यों की तारीफ की।बराक ओबामा ने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, चार साल पहले महामारी के बीच में, हमें एक ऐसे नेता की जरूरत थी जो राजनीति को किनारे रखकर सही काम करे। जो बाइडेन ने यही किया। ऐसे समय में जब हमारी अर्थव्यवस्था डगमगा रही थी, उन्होंने 1.7 करोड़ नई नौकरियों, ऐतिहासिक वेतन वृद्धि और कम स्वास्थ्य देखभाल लागत के साथ दुनिया की सबसे मजबूत रिकवरी को आगे बढ़ाया। बराक ओबामा ने आगे कहा, उन्होंने हमारे देश के बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण और जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए ऐतिहासिक कानून पारित किया। मैं जो बाइडेन के नेतृत्व, उनकी मित्रता और इस देश के प्रति उनकी आजीवन सेवा के लिए आभारी हूं। बता दें कि जो बाइडेन ने बुधवार को अपने विदाई भाषण में देश को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने गाजा में शांति का समझौता करा दिया है।

# खेल समाचार

# बीसीसीआई ने जारी किये 10 दिशानिर्देश, सभी खिलाड़ियों को करना होगा पालन




मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआईड्ढ) ने राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों के लिए 10 दिशानिर्देश जारी किये हैं। जिनका पालन सभी को करना होगा। इसके तहत घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही सीरीज के दौरान खिलाड़ी व्यक्तिगत विज्ञापन नहीं कर सकेंगे और परिवार व निजी स्टाफ भी उनके साथ नहीं रहेगा। बोर्ड ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में 'अनुशासन और एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए करीब 10 नियमों का पालन जरुरी कर दिया है। इन नियमों का पालन नहीं करने वाले खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया जाएगा जिसमें केंद्रीय अनुबंधों से उनकी रिटेनर फीस में कटौती और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने पर रोक भी शामिल है। भारतीय टीम को हाल में जिस प्रकार घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड से 3-0 की हार के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी हार झेलनी पड़ी उससे भी बोर्ड चिन्तित है।

बोर्ड ने अब विदेश दौरों में खिलाड़ियों को परिवारों के साथ रहने के लिए केवल दो सप्ताह का समय दिया है। इसके अलावा निजी स्टाफ और व्यावसायिक फोटो शूट पर भी पाबंदी लगा दी है। बोर्ड के अनुसार इसमें कोई भी बदलाव चयन समिति के अध्यक्ष और मुख्य कोच की मंजूरी के बाद ही किया जा सकता है। इसका पालन नहीं करने वाले खिलाड़ियों पर बीसीसीआई अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी।

बीसीसीआई के पास किसी भी खिलाड़ी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार है। इसके तहत वह उस खिलाड़ी को आईपीएल सहित बीसीसीआई द्वारा आयोजित सभी टूर्नामेंटों में भाग लेने से रोक सकता है।

## अल्काराज धमाकेदार प्रदर्शन के साथ चौथे दौर में

मेलबर्न,,(ए)। ऑस्ट्रेलियाई ओपन से शीर्ष 11 में से पांच खिलाड़ियों के बाहर होने के बाद, कार्लोस अल्काराज़ ने शुक्रवार को मेलबर्न के मैदान में आगे बढ़ना जारी रखा। इस पखवाड़े पहली बार रॉड लेवर एरिना में खेलते हुए, स्पैनियार्ड ने टूर्नामेंट का अपना पहला सेट गंवाने के बावजूद नूनो बोर्गेस को 6-2, 6-4, 6-7(3), 6-2 से हराया।

अल्काराज़ ने मैच के बाद कहा, मुझे रॉड लेवर की कमी खली। मैं यहां एक बार फिर खेलकर वाकई बहुत खुश हूँ। मैंने यहां अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस दिखाने की कोशिश की। मेरे लिए, हर बार जब मैं इस कोर्ट पर उतरता हूं तो यह मेरे लिए खुशी की बात होती है... पिछली बार जब मैंने यहां खेला था तो मैं (2024 के क्वार्टर फ़ाइनल में अलेक्जेंडर ज़्वेरेव से) हार गया था, इसलिए मैं वास्तव में यहां खेलना चाहता था और रॉड लेवर में एक और जीत हासिल करना चाहता था।

चार बार में दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले अल्काराज़ पुरुष एकल इतिहास में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में युवाओं का दबदबा रहा है - जिसमें तीन युवा सितारे शीर्ष 10 विरोधियों को नॉकआउट कर रहे हैं - 21 वर्षीय अल्काराज़ 2008 में नोवाक जोकोविच (20) के बाद हार्ड-कोर्ट मेजर में सबसे कम उम्र के चैंपियन बन सकते हैं। शुरुआती गेम में ब्रेक ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी बोर्गेस के खिलाफ़ माहौल तैयार कर दिया, जिसमें अल्काराज़ ने शुरू से ही सर्विस पर दबदबा बनाए रखा।

### विविध-समाचार

## ऑस्ट्रेलिया ओपनः सबालेंका ने टॉसन को हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया

मेलबर्न,(ए)। विश्व की नंबर एक और दो बार की गत विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को रॉड लेवर एरिना में तीसरे दौर के मैच में डेनमार्क की 42वीं रैंकिंग वाली क्लारा टॉसन को 7-6(5), 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश किया।सबालेंका पहले सेट में 5-3 से पीछे थी, इससे पहले बेलारूसी ने पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 टॉसन को 2 घंटे और 6 मिनट में हराया, और सिमोना हालेप के बाद से लगातार पांच वर्षों तक ऑस्ट्रेलियन ओपन के राउंड ऑफ़ 16 में जगह बनाने वाली पहली महिला बन गई। हालेप 2018 से 2022 तक ऐसा करने वाली पहली महिला थीं।इसके अलावा, सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी 17वीं लगातार मैच जीत दर्ज की, जो इस आयोजन में विक्टोरिया अजारेंका के बाद किसी भी महिला द्वारा सबसे अधिक है, क्योंकि अजारेंका ने 2012 और 2014 के बीच मेलबर्न में लगातार 18 मैच जीते थे।टॉसन ने शुरुआत में नियंत्रण हासिल किया, 5-3 से बढ़त बनाई और पहले सेट के लिए सर्विस की। हालांकि, सबालेंका ने वापसी की और टॉसन की सर्विस पर 6-5 पर चार सेट पॉइंट अर्जित किए।टाईब्रेक में, टॉसन ने 4-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5-4 की बढ़त बनाई, लेकिन सबालेंका ने शानदार बैकहैंड रिटर्न विनर के साथ जवाब दिया और 6-5 पर पांचवां सेट पॉइंट बनाया। विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी के अंतिम फोरहैंड विनर ने 63 मिनट में एक कठिन सेट को सील कर दिया।दूसरे सेट में सबालेंका ने नियंत्रण हासिल कर लिया, 13 मिनट के सर्विस गेम को पार करते हुए 5-4 की बढ़त हासिल की। मैच के लिए सर्विस करते हुए, उन्हें दो ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन वे दबाव से बचने में सफल रहीं। इसके बाद उन्होंने बैकहैंड विनर के साथ जीत को सील कर दिया।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद भी सबालेंका अपनी विश्व नंबर 1 रैंकिंग बरकरार रख सकती हैं, लेकिन इस इवेंट के बाद उस स्थान को बनाए रखने के लिए उन्हें कम से कम सेमीफाइनल तक पहुंचना होगा। मेलबर्न से बाहर आने पर या तो वह या इगा स्वीयाटेक नंबर 1 होंगी।

## ऑस्ट्रेलिया ओपनः बोपन्ना, झांग मिश्रित युगल के दूसरे दौर में

मेलबर्न,(ए)। भारतीय स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी चीनी जोड़ीदार शुआई झांग ने शुक्रवार को इवान डोडिग और क्रिस्टीना म्लादेनोविच को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बोपन्ना और झांग ने एक घंटे 12 मिनट में मैच समाप्त किया और अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के ह्यूगो निस तथा वाइल्ड कार्ड ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैडिसन इंगलिस और जेसन कुबेर के बीच होने वाले मैच के विजेताओं से होगा।इंडो-चीनी जोड़ी ने मैच की शुरुआत दमदार प्रदर्शन के साथ की और पहले सेट में 3-0 की बढ़त हासिल की। क्रोएशियाई डोडिग और फ्रांसीसी महिला म्लादेनोविच द्वारा झांग की सर्विस तोड़ने के बावजूद, जिससे स्कोर 3-2 हो गया, बोपन्ना ने दबाव में संयम बनाए रखा और अंततः 6-4 से सेट जीत लिया। इसके बाद झांग/बोपन्ना ने आखिरी समय में चुनौती का सामना किया और 8वें गेम में ब्रेक पॉइंट बचाते हुए दूसरा सेट 6-4 से जीत लिया।पुरुष युगल प्रतियोगिता से जल्दी बाहर होने वाले बोपन्ना 2023 में सानिया मिर्जा के साथ मिश्रित युगल के फाइनल में पहुंचे थे।इससे पहले टूर्नामेंट में भारत के एन श्रीराम बालाजी और उनके मैक्सिकन जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया था।

## अक्षर को मिल सकती है दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी

मुम्बई (ए.)। आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी



अक्षर पटेल को मिलना तय माना जा रहा है। आईपीएल 21 मार्च से शुरू होगा। गत वर्ष इसके लिए हुई नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने केएल राहुल को 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। जिससे माना जा रहा था कि राहुल को कप्तानी मिल सकती है क्योंकि वह लखनऊ सुपर जायंट्स में भी कप्तान रहे थे। वहीं अब कहा जा रहा है कि दिल्ली की कप्तानी अक्षर पटेल को मिल सकती है। इसका कारण है कि अक्षर टीम के साथ काफी समय से हैं और कई बार ऑलराउंडर की भूमिका निभा चुके हैं। दिल्ली अक्षर को आईपीएल 2025 के लिए 16.50 करोड़ रुपये वेतन देगी। अक्षर टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी भी हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ के राहुल को खरीदा जबकि लखनऊ ने दिल्ली के ही ऋषभ पंत को सबसे बड़ी रकम देकर खरीदा था। ऋषभ भी दिल्ली के कप्तान थे। अक्षर ने आईपीएल में अभी तक कुल 150 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 1653 रन बनाए हैं। अक्षर ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 123 विकेट लिए हैं।

## 2026 विश्व कप जीतना चाहते हैं हरमनप्रीत

नई दिल्ली (ए)। भारत की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि वह अपने करियर में आज तक विश्व कप में पदक नहीं जीत पाये हैं और इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से ही भारतीय टीम विश्वकप में पदक नहीं जीत पायी है। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक खेलों में उनकी कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत हासिल कर सकते हैं।

## रोहित के बचाव में उतरे युवराज

नई दिल्ली (ए)। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने खराब फार्म के कारण आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का बचाव किया है। युवराज ने कहा कि भले ही रोहित न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम को जीत नहीं दिला पाये हैं पर उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल नहीं उठाये



जा सकते हैं।युवराज ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, रोहित की कप्तानी में ही टीम टी20 विश्व कप जीती और एकदिवसीय विश्वकप के फाइनल तक पहुंची। रोहित की कप्तानी में ही मुंबई इंडियंस ने 5 आईपीएल जीते। उन्होंने किसी और को अवसर देने के लिए सिडनी टेस्ट से बाहर रहने का फैसला किया था। पूर्व में किसी कप्तान ने ऐसा किया है क्या? मैं देखता हूं कि उन्होंने पिछले 3 से 5 सालों में क्या किया है, एक या दो टूर्नामेंट से उन्हें खारिज नहीं किया जा सकता। मेरे लिए, घरेलू सीरीज हार ज्यादा निराशाजनक थी क्योंकि भारत का न्यूजीलैंड से 3-0 से हारना ज्यादा कठिन था।रोहित की कप्तानी में ही टीम ने 2023 में हुए विश्व कप के दौरान लगातार 10 मैच जीते थे। उनके नेतृत्व में ही टीम ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 के फाइनल में भी प्रवेश किया था पर उसे वहां ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। युवराज ने ये भी कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर को और समय दिया जाना चाहिये क्योंकि वह कुछ समय पहले ही टीम के कोच बने हैं। अभी उन्हें पूरी तरह से प्रक्रिया में आने दिया जाये।



## पेशेवर मुक्केबाज बनने के बाद भी ओलंपिक को सबसे अहम मानते हैं निशांत

नई दिल्ली (ए.)। मुक्केबाज निशांत देव ने कहा है कि पेशेवर सर्किट में उतरने के बाद भी ओलंपिक में खेलना अब भी उनके लिए बेहद अहम है। ऐसे में अगर लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अगर मुक्केबाजी को शामिल किया जाता है तो वह अवश्य ही उसमें भाग लेंगे। निशांत पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में मिली करीबी हार और ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण पेशेवर मुक्केबाज बने हैं। इस मुक्केबाज ने एडी हर्न की 'मैचरूम बॉक्सिंग से करार किया है।उनकी पहली पेशेवर भिड़ंत 25 जनवरी को लॉस एंजिलिस में होगी। निशांत आजकल लॉस एंजिलिस में पेशेवर मुक्केबाज रोनाल्ड सिम्स से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने लॉस एंजिलिस से कहा, 'मैं ओलंपिक में खेलने का अपना सपना पूरा करना चाहता था जो मैं कर चुका हूं। लेकिन अब मैं पेशेवर मुक्केबाजी में खेलने के अपने दूसरे सपने को पूरा करना चाहता हूं। देव को अब भी पेरिस ओलंपिक में मिली करीबी हार सालती है जिसमें वह मेक्सिको के मार्को वर्डे से विवादास्पद क्वार्टरफाइनल हार गये थे। उन्होंने कहा, 'मैं टूट गया था। इतने बड़े मंच पर इस तरह का झटका चुनौतीपूर्ण था। ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य की अनिश्चितता इस निराशा को और भी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, 'अभी तक मुक्केबाजी की ओलंपिक के लिए पुष्टि नहीं की गई है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल करेंगे फिट इण्डिया क्लब का लोकार्पण

## खेल अधोसंरचना के तहत सीहोर के बुधनी में किया जाएगा इण्डोर हॉल का भूमिपूजन

### केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया होंगे शामिल



सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 जनवरी को गौतम नगर में फिट इण्डिया क्लब का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 3 बजे आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में 6 विभागीय खेल अधोसंरचना का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया जायेगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस संबंध में मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आवश्यक तैयारियों के संबंध में संबंधितों को दिशा-निर्देश दिये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि देश में प्रथम फिट इण्डिया क्लब का लोकार्पण होने जा रहा है। इसमें व्यायाम, फिटनेस, खेल गतिविधियाँ एवं स्वास्थ्य सहित पोषण आहार संबंधी कार्यक्रम होंगे। वॉकिंग ट्रेक, योग एवं मेडिटेशन केन्द्र के साथ ओपन जिम, पारम्परिक खेल जोन, लायब्रेरी एवं किड्स जोन का प्रावधान भी किया जा रहा है। साथ ही महिला फिटनेस सेंटर, मल्टीपर्पस इण्डोर हॉल एवं स्वीमिंग पूल का भूमि-पूजन किया जायेगा। यह फिट इण्डिया क्लब पूरे प्रदेश के लिये एक मॉडल होगा। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि खेल अधोसंरचना के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन में प्रदेश के नागौद-सतना, बुधनी-सीहोर, हरदा, टिमरनी-हरदा और नारायणगढ़-मंदसौर में इण्डोर हॉल तथा जोबट-अलीराजपुर में आउटडोर खेल परिसर का लोकार्पण एवं शिवपुरी में हॉस्टल भवन का भूमि-पूजन किया जाना है। कार्यक्रम में खेलो-बढ़ो अभियान का शुभारंभ भी किया जायेगा। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों और आम नागरिकों को खेलों से जोड़ने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिये एक नवाचार के रूप में खेलो-बढ़ो अभियान शुरू किया जायेगा। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव, उप सचिव संजय जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## डॉ. देवकरण सिंह मालवीय बने सेवादल कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

### कैलाश परमार ने पुष्पमाला पहनाकर किया स्वागत

सीहोर( निप्र)। मध्य प्रदेश सेवादल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव की अनुसंशा पर सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने ग्राम काजीखेड़ी आष्टा निवासी डॉ.देवकरण सिंह मालवीय को जिला सेवादल कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारिणी सदस्य पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पुर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार आष्टा ने डॉ.देवकरण सिंह मालवीय को मीठाई खिलाकर पुष्पमाला पहनाते हुए स्वागत किया तथा नियुक्ति पत्र प्रदान कर राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे, सांसद राहुल गांधी, राष्ट्रीय सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष लालजी भाई के हाथ मजबूत करते हुए जनहित में कार्य करने का सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ.अनीस खान सीहोर, रईस मंसूरी मुरावर, डॉ.विक्रम पेरवाल हिरापुर लोरास, अर्जुन सिंह पेरवाल नवगाँव, मोतीलाल दसनानिया सतपिपलिया, हीरालाल जांगड़ा मुण्डला, मोहन पेरवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आष्टा में कैरियर काउंसलिंग आयोजित




सीहोर (निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर) द्वारा शासकीय मॉडल स्कूल आष्टा एवं शासकीय स्कूल ब्रिजिसनगर में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों की कॅरियर काउंसलिंग आयोजित की गई। काउंसलिंग मे काउंसलरों, विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न कैरियर एवं विषयों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। काउंसलिंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॉमर्स, आर्ट्स, बायोलॉजी, गणित, टेक्निकल, मेडिकल के साथ शासन की विभिन्न कौशल विकास की योजनाओं पर चर्चा कर ऑफबीट करियर के विषय में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र- छात्रों को जीवन कौशल शिक्षा पर विस्तृत रूप से चर्चा की साथ ही आपने इसके कारकों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि जीवन में सकारात्मकता लाने के लिए कौशल शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## कलेक्टर श्री सिंह ने पैरालम्पिक खिलाड़ी कपिल परमार को अर्जुन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित होने पर दी बधाई

### राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने किया सम्मानित



सीहोर( निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मध्यप्रदेश के पैरालंपिक जूडो खिलाड़ी कपिल परमार को देश के प्रतिष्ठित अर्जुन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई दी है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली में सीहोर के पैरा जूडो खिलाड़ी कपिल परमार को सम्मानित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कपिल परमार की इस उपलब्धि से जिले के साथ ही देश एवं प्रदेश भी गौरवान्वित हुए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने कपिल परमार को इसी तरह प्रदर्शन तथा प्रतिभा से नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

## आवेदन नवीनीकरण के लिए एमपी टॉस एवं एनआईसी 2.0 पोर्टल ओपन

सीहोर( निप्र)। अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (महाविद्यालयीन) एवं आवास सहायता योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के एनआईसी 2.0 पोर्टल पर नवीनीकरण आवेदन करने, एमपीटॉस (MPTAAS) पोर्टल पर एडमिशन डाटा तथा नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन करने के लिए पुन: पोर्टल खोला गया है।

जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने सभी संस्थाओं को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से वंचित न रहे। सभी संस्थाओं को 31 जनवरी 2025 तक सभी पात्र विद्यार्थियों से पोर्टल पर आवेदन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने किया 127 करोड़ रुपये लागत से निर्मित एनआईएमएचआर भवन का लोकार्पण

### नर सेवा ही नारायण सेवा है - केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार






सीहोर( निप्र)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह तथा भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने सीहोर में 127 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान (एनआईएमएचआर) के नवनिर्मित एडमिन एवं शैक्षणिक ब्लॉक, छात्रावास ब्लॉक और स्टूडियो अपार्टमेंट भवनों लोकार्पण किया। उन्होंने संस्थान के नवनिर्मित भवनों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए देश के केंद्र में यह राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान स्थापित किया गया। यह दर्शाता है कि सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ ही दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान 127 करोड़ रुपये लागत के साथ 25 एकड़ भूमि पर स्थापित किया गया है। संस्थान में चार ब्लॉक हैं जिसमें सर्विस ब्लॉक, एडमिन एवं शैक्षणिक ब्लॉक, छात्रावास ब्लॉक और स्टूडियो अपार्टमेंट शामिल है। संस्थान के स्थायी परिसर में क्रॉस डिसेबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (सीडीईआईसी) भी स्थापित किया गया है जो शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। संस्थान में प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र (पीएमडीके) भी स्थापित किया गया है, जहां दिव्यांगजनों और बुजुर्गों को सहायता के लिए उपकरण वितरित किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिव्यांगजनों को न केवल सशक्त बनाने के लिए बल्कि दिव्य कला मेलों के माध्यम से उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने संस्थान को मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास के क्षेत्र में प्रगति करते हुए बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। दिव्यांगजनों की भागीदारी प्रत्येक क्षेत्र में सुनिश्चित हो सके इस दृष्टिकोण के साथ सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है, जो उनके सशक्तिकरण में महती भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के पश्चात केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए।

### एनआईएमएचआर से जिले के साथ ही देशभर के दिव्यांगजनों को लाभ होगा - राजस्व मंत्री श्री वर्मा

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि सीहोर जिले इस राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान के स्थापित हो जाने से सिर्फ सीहोर के दिव्यांगजनों को ही नही बल्कि देशभर से आने वाले दिव्यांगजनों को सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का वर्चस्व अंतराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को मुख्य धारा में लाने के लिए अनेकों योजनाए चलाई जा रही है, जो दिव्यांगजनों को सशक्त बना रही हैं।

## आज से आयोजित होगा आईपीएल की तर्ज पर एसपीएल 2025 सीजन-6 ट्राफी

सीहोर( निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव और क्लब के अध्यक्ष रहे स्व. प्रमोद पटेल की स्मृति में हर साल की तरह इस साल भी आईपीएल की तर्ज पर एपीएल 2025 सीजन-6 का मेगा ऑक्शन का आयोजन मैदान के सभाकक्ष में किया गया था। इस प्रतियोगिता में चार टीम शामिल हो रही है। जिसमें कृष्णा ब्लास्टर, काका लायंस, क्रिसेंट वारियर्स और साइबेरियन पेंथर है। अब तक के सीजन में सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में कृष्णा ब्लास्टर के आदर्श राय बने है। जिनको करीब 23 लाख की डिजीटल पाइंट में खरीदा गया है। एसपीएल प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार दोपहर एक बजे से किया जाएगा। काका की स्मृति में होने वाले इस प्रतियोगिता में चार टीम को शामिल किया गया है। इसमें काका लायंस के आनर भारत गुप्ता, साइबेरिया पैंथर के आनर अतुल तिवारी, कृष्णा ब्लास्टर के आनर अतुल जैन और क्रिसेंट बारियर्स के आनर सुरेन्द्र रल्हन-आशीष गोयल शामिल है।



### नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा को जसपाल अरोरा ने दी बधाई व शुभकामनाऐं

सीहोर। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पहुंचकर नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा का पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने अपने साथियों के पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक ईमानदार, जुझारू एवं पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। आशा है कि नरेश मेवाड़ा सभी को साथ लेकर गुट बाजी से ऊपर उठकर काम करेंगे और सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए पार्टी को बुलंदिया प्रदान करेगें।

## मारवाड़ी महिला संगठन का हल्दी-कुमकुम महोत्सव संपन्न



सीहोर( निप्र)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मारवाड़ी महिला संगठन सीहोर शाखा के तत्वाधान में संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सभी समाज की महिलाओं को एकत्रित कर हल्दी, कुमकुम का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष रजनी बाहेती ने बताया कि संक्रांति महोत्सव के इस पावन अवसर पर आपके जीवन में खुशियाँ, समृद्धि और सफलता अपार मिले। जैसे सूरज नई दिशा में यात्रा करता है, वैसे ही आपके जीवन में नई उम्मीदें और अवसर आकर आपका मार्गदर्शन करें। मारवाड़ी महिला संगठन की महिलाओं ने सभी समाज की महिलाओं को एकत्रित कर मनाया। कार्यक्रम में हल्दी कुमकुम का त्योहार मनाया धूमधाम से स्वर्णकार समाज मंदिर में मारवाड़ी महिला संगठन ने सभी समाज की महिलाओं को बुलाकर हल्दी कुमकुम का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। सभी संगठन महिलाओं ने आने वाले मेहमानों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके अलावा रामधुन के साथ कार्यक्रम को शुरू किया, भजन गाये, गेम करवाये, सभी महिलाओं को स्वलपाहार कराया, हल्दी कुमकुम कर गिफ्ट बांटे, हमारे इस कार्यक्रम में आई इछावर की बहने आदि शामिल थे। श्रीमती बहेती ने बताया कि मारवाड़ी महिला संगठन का एक ही उद्देश्य अनेकता में एकता जय नारी शक्ति का घोष है। इस मौके पर अध्यक्ष रजनी बाहेती, सचिव मंजू भारतीया, सदस्य श्रीमती मंजू अग्रवाल, गीता सोडाणी, विनीत सोनी, ममता पितलिया, विनीता सोनी, मोना चौरसिया, प्रतिभा झवर, राज कुमारी पालीवाल, सरोज सोनी, पुष्पा सोनी, संध्या विजयवर्गी, लता खंडेलवाल, निर्मला व्यास,आभा कासट, संगीता राठी ज्योति सोनी, ज्योति अग्रवाल, राधा शर्मा, प्रेमा रुठिया, किरण सोनी, शशि विजयवर्गी, इंदू भावसार, ज्योति रुठिया सभी ने मिलजुल कर सफल बनाया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 18 जनवरी को

### विद्यालय की बेवसाइट पर देख सकते हैं अपना परीक्षा केंद्र

सीहोर( निप्र)। जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा जिले के सभी विकास खंडों सहित कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा में जिले के 3476 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया है।विद्यालय के प्राचार्य डॉ के एस बघेल ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा की दृष्टि से प्रत्येक विकासखंड में विकासखंड स्तर पर ही परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने के लिए अपना पंजीयन जिस विकासखंड से कराया है उनकी परीक्षा उसी विकासखंड के परीक्षा केन्द्र पर कराई जाएगी। अभ्यर्थियों के केन्द्र वार रॉल नम्बर का आवंटन जवाहर नवोदय विद्यालय, सीहोर की वेवसाइड https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/Sehore/en/home/ पर भी देखा जा सकता है। आष्टा में तीन परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर 1973329 से 1973688 तक 360 परीक्षार्थी है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर 1973689 से 1974048 तक 360 परीक्षार्थी हैं और शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर 1974049 से 1974313 तक 265 परीक्षार्थी हैं। इसी प्रकार बुधनी में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया जिसमें रोल नम्बर 1974314 से 1974681 तक 368 परीक्षार्थी है। इछावर में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर 1974682 से 1975017 तक कुल 336 परीक्षार्थी और शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर से 1975018 से 1975335 तक 318 परीक्षार्थी है। भैरूंदा में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर 1975336 से 1975695 तक 360 परीक्षार्थी और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर 1975696 से 1975903 तक 208 परीक्षार्थी हैं। इसी क्रम में सीहोर में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-1 में रोल नम्बर 1975904 से 1976359 तक 456 परीक्षार्थी और शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई (एमएलबी) कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर 1976360 से 1976804 तक 445 परीक्षार्थी शामिल होंगें।

## खेड़ापति हनुमान जी के स्थानांतरण को लेकर सौंपा ज्ञापन



सीहोर( निप्र)। सीहोर जिला मुख्यालय के ग्राम चौकी (बरखेड़ा देवा) के नागरिकों द्वारा सर्व सहमति से पंचनामा तैयार कर जिलाधीश को ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि ग्राम इमलिया हसन में हमारे पुश्तैनी खेड़ापति हनुमान जी स्थापित हैं, जिनका स्थान परिवर्तित कर ग्राम चौकी (बरखेड़ा देवा) में विधिविधान से प्राण प्रतिष्ठा करने का निर्णय लिया है। बरखेड़ा देवा चौकी के ग्रामीणों का कहना है कि वह पूर्व निवासी ग्राम इमलियाहसन के निवासी है। हमारे पूर्वज लगभग पाँच पीढ़ी से ग्राम इमलिया हसन में निवास करते थे वहां पर लगभग पाँच पीढियों से खेड़ापति हनुमान जी की पूजा अर्चना हमारे पूर्वज तथा हिन्दू समाज जो वहां निवास करते थे खेड़ापति हनुमान जी की पूजा अर्चना करते थे। उसी परंपरा से हम भी वर्तमान में पूजा अर्चना ग्राम इमलिया हसन आते हैं। वर्ष 2004 में हमारे परिजनों की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वहां की जमीन बेचकर ग्राम बरखेड़ादेवी चौकी आ गये। हम ग्राम इमलिया हसन से खेड़ापति हनुमान जी की प्रतिमा को ग्राम चौकी पर ले जाकर स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा करना चाहते हैं। परंतु दिनांक 10 जनवरी 2025 को किसी संगठन द्वारा ज्ञापन सौंपा गया और उनके द्वारा बताया गया कि आसामाजिक तत्व द्वारा प्रतिमा को खंडित किया गया है वह बिल्कुल गलत है जबकि हमारे बुर्जुगों व हमारे द्वारा सदियों से प्रतिमा को ऐसा ही देखा गया है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com